**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

**वर्षः** 15 **अंकः** 175 **लखनऊ,** **रविवार** 15 **फरवरी** 2026 **मूल्यः** 02 **रुपये** **पृष्ठ-** 08

## असम में गरजे पीएम मोदी कांग्रेस ने की उपेक्षा, हमारे लिए अष्टलक्ष्मी है

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने असम में कांग्रेस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के लिए यह क्षेत्र अष्टलक्ष्मी है और इसके विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने आगामी चुनावों के मद्देनजर इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और क्षेत्र को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर अपने शासनकाल में पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस क्षेत्र को अष्टलक्ष्मी मानती है। एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार असम में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में केंद्रीय बजट पेश होने के बाद यह असम की उनकी पहली यात्रा है।मोदी ने कहा कि कुछ



दिन पहले केंद्रीय बजट पेश हुआ। बजट के बाद पूर्वोत्तर की यह मेरी पहली यात्रा है। कांग्रेस द्वारा उपेक्षित पूर्वोत्तर हमारी प्राथमिकता है और हम इसके विकास के लिए समर्पित हैं। हमारे लिए पूर्वोत्तर हमारी अष्टलक्ष्मी है। हमने पूर्वोत्तर को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तो भारत को एक राष्ट्र मानने से भी इनकार करती है। जो लोग भारत माता के प्रति जरा सा भी सम्मान नहीं दिखाते, वे कभी भी देश के कल्याण के लिए काम नहीं कर सकते।प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जब भी पूर्वोत्तर का जिक्र होता था, लोगों को खराब बुनियादी ढांचे की याद आती थी। और आज यहां ऐसे राजमार्ग बन रहे हैं जहां न केवल वाहन चल सकते हैं, बल्कि विमान भी उतर सकते हैं। यह गर्व का क्षण है। यह असम की बदलती भावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान भाजपा कार्यकर्ता होना है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा ने जो भी ऊंचाइयां हासिल की हैं, उसका श्रेय हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं को जाता है। हमारा विश्वास संगठन में है। इसीलिए इतने सारे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हम एक मंत्र से एकजुट हैं, और वह मंत्र हैरू भारत माता की जय। मोदी ने कहा कि मैं गर्व से कहता हूं कि मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान यह है कि नरेंद्र मोदी भाजपा के कार्यकर्ता हैं। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, मैं असम में हमारे कार्यकर्ताओं और संगठन की शक्ति को नमन करता हूं और उन्हें प्रणाम करता हूं। मैं मां आदि शक्ति और मां कामाख्या को भी अनगिनत प्रणाम करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुलवामा आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज पुलवामा हमले की बरसी है। मैं भारत माता के उन वीर सपूतों को नमन करता हूं जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई।


## कैम्पियरगंज में बनेगा प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय, डिग्री होगी रोजगार की गारंटी -मुख्यमंत्री

संवाददाता।

लखनऊ गोरखपुर, ।योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहा प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी साबित होगा। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वाले नौजवानों के लिए देश और विदेश में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही यह संस्थान अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।मुख्यमंत्री शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कैम्पियरगंज स्थित गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। माता सीता के हरण के समय रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। आज रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से गिद्धों की संख्या में कमी आई है, ऐसे में उनके संरक्षण के लिए केंद्र की स्थापना की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज विश्व की बड़ी चुनौती है। वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास के साथ स्वच्छ पर्यावरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कैम्पियरगंज में बनने वाला वानिकी विश्वविद्यालय पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने, वनाच्छादन बढ़ाने और किसानों की आय संवर्धन में सहायक होगा।वर्ष 2017 के बाद प्रदेश और गोरखपुर में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो परिणाम स्वतः सामने आते हैं। गोरखपुर में खाद कारखाना पुनः संचालित हुआ, एम्स गोरखपुर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज उत्कृष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। पिपराइच चीनी मिल पुनः चालू हुई, धुरियापार में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट स्थापित हुआ और गीडा क्षेत्र में औद्योगिक



गतिविधियां तेज हुई हैं।मुख्यमंत्री ने जंगल कौड़िया ब्लॉक के प्रत्येक गांव से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने यहां के गांवों की समस्याओं को निकट से देखा है और समाधान के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कालेसर–जंगल कौड़िया बाईपास बनने से आवागमन सुगम हुआ है तथा प्रमुख सड़कें फोरलेन में परिवर्तित की गई हैं। बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य हो रहा है। पूज्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में डिग्री कॉलेज की स्थापना, स्टेडियम निर्माण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना विकास की सोच का परिणाम है।मुख्यमंत्री ने जंगल कौड़िया के पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय रामपति यादव को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया और उनके योगदान की चर्चा की। वर्तमान ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव द्वारा ब्लॉक निधि और विकसित भारत जीरामजी योजना के प्रभावी उपयोग की सराहना करते हुए कहा कि विकास निधि का सदुपयोग क्षेत्र की तस्वीर बदल सकता है।कैम्पियरगंज के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एशिया की सबसे बड़ी फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी कैम्पियरगंज में स्थापित की जाएगी, जिसका शिलान्यास शीघ्र किया जाएगा।




## ज्ञान, संस्कृति और युवा ऊर्जा का विराट संगम - सुभारती महोत्सव 2026 का भव्य आगाज

### 16 से 21 फरवरी तक रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय बनेगा साहित्य, खेल और संस्कृति का उत्सव स्थल

विजडम इंडिया।

टेनिस का आयोजन होगा। कला एवं सृजनात्मक गतिविधियों में फेस पेंटिंग और इंडियन फोक आर्ट विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे।

मंगलवार, 17 फरवरी को डिबेट






विशेष संवाददाता देहरादून।

रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में 16 से 21 फरवरी 2026 तक आयोजित होने जा रहा "सुभारती महोत्सव 2026" विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रमुख आयोजन है, जो विद्यार्थियों में रचनात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और समग्र व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित यह महोत्सव साहित्य, खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति का सशक्त मंच देगा।

महोत्सव का शुभारंभ सोमवार, 16 फरवरी को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय प्ले ग्राउंड में होगा। प्रथम दिवस साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत ट्रेजर हंट एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, वहीं खेल प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल, टग–ऑफ–वार और टेबल (सेमीफाइनल एवं फाइनल), स्लोगन राइटिंग और एक्सटेम्पोर जैसी साहित्यिक प्रतियोगिताएं होंगी। इसी दिन आउट ऑफ कैंपस मिनी मैराथन के साथ वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। मेहंदी आर्ट और क्ले क्राफ्ट जैसी कला गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

बुधवार, 18 फरवरी को ट्रेजर हंट, मॉक पार्लियामेंट और कवि सम्मेलन जैसे बौद्धिक आयोजन होंगे। खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम का आयोजन किया जाएगा, जबकि वॉल ग्रैफिटी रचनात्मकता का विशेष प्रदर्शन बनेगी। फ्रेशर्स एक्टिविटी के माध्यम से नवप्रवेशी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

गुरुवार, 19 फरवरी को प्रातः 11 बजे मेन स्टेज पर 'सनातन संगम' कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे सामूहिक लंच के पश्चात 2 बजे आउटगोइंग बैचेज की विशेष प्रस्तुतियां होंगी तथा सायं 6 बजे फैशन शो का भव्य आयोजन किया जाएगा।

शुक्रवार, 20 फरवरी को बैटल ऑफ बैंड्स, मोनो एक्टिंग और स्टैंडअप कॉमेडी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आरंभ होंगे।

शनिवार, 21 फरवरी को सोलो डांस, ग्रुप सिंगिंग एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। दोपहर 2 बजे फाइनलिस्ट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, 4 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा तथा सायं 6 बजे भव्य गाला इवनिंग के साथ महोत्सव का समापन होगा। 'नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत' के संदेश के साथ मिनी मैराथन भी विशेष आकर्षण रहेगी।

महोत्सव के दौरान प्रत्येक श्रेणी कृ साहित्य, सांस्कृतिक, खेल एवं कला कृ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में से मिस्टर एवं मिस इवेंट का चयन किया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों एवं विभागों के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे, वहीं फूड एवं अन्य गतिविधि स्टॉल भी आयोजन को जीवंत बनाएंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि सुभारती महोत्सव 2026 युवा ऊर्जा, सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर एक नई प्रेरणा स्थापित करेगा।

# मनरेगा बचाओ संग्राम तेज, 17 फरवरी को विधानसभा घेराव का ऐलानय व्यापार संधि पर भी कांग्रेस का हमला

लखनऊ (आरएनएस )उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय तथा भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, किसान कांग्रेस के मध्यजोन चेयरमैन बृज मौर्या, पूर्वी जोन चेयरमैन राम भवन शुक्ला, बुंदेलखंड जोन चेयरमैन शिव नारायण सिंह परिहार तथा कोऑर्डिनेटर शीतल मान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता की शुरुआत पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। अजय राय ने कहा कि तीन जनवरी से पूरे प्रदेश में "मनरेगा बचाओ संग्राम" चलाया जा रहा है और जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक सड़क से



सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को प्रदेश के सभी जनपदों में मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली गई, जिसके माध्यम से मजदूरों और किसानों की आवाज बुलंद की गई।अजय राय ने घोषणा की कि 17 फरवरी 2026 को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांधीवादी तरीकों से मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने एक अन्य मुद्दे पर कहा कि सदन में योगी आदित्यनाथ द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के चयन पर उठाए गए सवाल सनातन परंपरा और आस्था के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जैसे गोरखनाथ पीठ के महंत गुरु परंपरा से नियुक्त होते हैं, उसी प्रकार शंकराचार्य की नियुक्ति भी परंपरा के अनुसार होती है।अजय राय ने 4 फरवरी को चाइनीज मांझे से हुई एक दुखद घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे एक और परिवार उजड़ गया। उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक मोहम्मद शोएब के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दी जाए तथा चाइनीज मांझे के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।प्रेस वार्ता के अगले क्रम में अखिलेश शुक्ला ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी किसानों को शून्य प्रतिशत ड्यूटी पर भारतीय बाजार में प्रवेश मिलेगा, जबकि भारतीय किसानों को अमेरिकी बाजार में 18 प्रतिशत ड्यूटी देनी होगी। उन्होंने इसे असमान और किसानों के हितों के खिलाफ बताया।अखिलेश शुक्ला ने "किसान अधिकार गांव संवाद अभियान" की घोषणा करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश के गांव–गांव में जाकर किसानों को व्यापार समझौते के संभावित प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं आजादी का प्रतीक- डिप्टी सीएम

## प्रयागराज को मिलेंगी राजधानी जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं

प्रयागराज। प्रयागराज निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने श्वंदे मातरम्श को लेकर उठ रहे विवाद पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आजादी का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों ने इसी गीत को गाते हुए हंसते–हंसते फांसी के फंदे को चूमा था। ऐसे में इसे अनिवार्य किए जाने पर आपत्ति महज तुष्टीकरण की राजनीति है। उन्होंने कहा कि हर भारतवासी गर्व से वंदे मातरम् गाना चाहता है।

बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल होने के सवाल पर पाठक ने कहा कि इससे भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि 2027 में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी। सपा ने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इन दलों ने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है। समाजवादी पार्टी को उन्होंने श्प्राइवेट लिमिटेड कंपनीश करार देते हुए आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में गुंडों और माफियाओं का बोलबाला रहता था, जबकि अब अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़ चुके हैं।

डिप्टी सीएम ने योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट को विकासोन्मुख बताया। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। एक्सप्रेस–वे, सड़क, रेल नेटवर्क, बिजली



और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। चिकित्सा क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीजीआई लखनऊ को नोडल बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जा रहा है।

मनरेगा का नाम बदलकर श्जी राम जीश किए जाने के विरोधा पर उन्होंने कांग्रेस को दिग्भ्रमित बताया। कहा कि जहां मनरेगा में 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, वहीं नए कानून में 125 दिन रोजगार सुनिश्चित किया गया है, जिससे खेतिहर मजदूरों को अधिक लाभ मिलेगा।

# हजारों करोड़ के निवेश के बाद बिजली नेटवर्क के निजीकरण पर संघर्ष समिति के सवाल

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से सवाल उठाते हुए कहा है कि जब सरकार और बिजली कर्मियों के सामूहिक प्रयास से हजारों करोड़ रुपये खर्च कर विद्युत वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ किया गया है, तो उसे निजी हाथों में सौंपने का औचित्य क्या है?समिति ने बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ीकरण पर बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। वर्ष 2017 में लगभग 41 प्रतिशत रही एटीएंडसी हानियाँ घटकर अब करीब 15 प्रतिशत तक आ गई हैं, जो सुधारों का प्रत्यक्ष परिणाम है।इसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में



ट्रांसमिशन एवं वितरण तंत्र को मजबूत किया गया, जबकि प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के माध्यम से लाखों उपभोक्ताओं, विशेषकर किसानों और ग्रामीण परिवारों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। इन प्रयासों से प्रदेश का विद्युत तंत्र पहले की तुलना में अधिक सक्षम और स्थिर हुआ है।संघर्ष समिति ने वर्ष 2026–27 के बजट में विद्युत क्षेत्र के सुधार हेतु 65,926 करोड़ रुपये के प्रावधान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त किया।समिति ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जब आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इतनी बड़ी धनराशि नेटवर्क सुधार हेतु स्वीकृत की गई है और बिजली कर्मी पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं, तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण का निर्णय तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।संघर्ष समिति का कहना है कि लगातार सुधारों के चलते वितरण कंपनियों की एटीएंडसी हानियाँ घट रही हैं और वित्तीय स्थिति बेहतर हो रही है। बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के बाद अगले एक वर्ष में प्रदेश की वितरण कंपनियों की एटीएंडसी हानियाँ राष्ट्रीय मानक से नीचे लाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

समिति ने सवाल उठाया कि सरकारी धन से व्यवस्था को मजबूत कर उसे निजी घरानों को सौंपना किस प्रकार का सुधार मॉडल है? इसे जनहित और कर्मचारियों के मनोबल के विरुद्ध बताया गया।

# तेजस्वी के हारने के बाद अखिलेश यादव फ्रस्ट्रेशन में- केशव प्रसाद मौर्य

## आजादी के बाद अब तक का सबसे बेहतरीन बजट है

प्रयागराज। जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को बजट 2026 पर आयोजित हुए युवा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता सम्मिलित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बजट 2026 आजादी के बाद अब तक का सबसे बेहतरीन बजट है। बजट को लेकर युवाओं में उत्साह है। युवाओं से आह्वाहन है कि वे रोजगार पाने वाला ही नहीं रोजगार देने वाला भी बनें। मीडिया से बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार चुनाव से लौटने व तेजस्वी के हारने के बाद अखिलेश यादव बहुत फ्रस्ट्रेशन में हैं इसीलिए वे ऊल जलूल बयान दे रहे हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार का बजट इतना शानदार है कि उन्हें 2027 क्या 2047 तक धुंधलापन दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव द्वारा भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार युक्त सरकार बताने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि जिन्होंने (अखिलेश यादव) आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिए उन्हें क्या कहा जाए।राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि देश के दुश्मनों के साथ फोटो खिंचाने वाले का नाम है राहुल गांधी। कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में घुसकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। वन्देमातरम गान की अनिवार्यता पर डिप्टी सीएम ने कहा कि इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हैं और भारत में यदि रहना है तो वन्देमातरम कहना है। इस अवसर पर भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, भारतीय जनता युवा मोर्चा काशी क्षेत्र अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, महापौर गणेश केसरवानी, डॉ वीके सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष पप्पू पांडेय, अनामिका चौधरी, रणजीत सिंह, राजेश गोंड , पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, श्याम कृष्ण पाण्डेय, शुभम पांडेय बालाजी आदि उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक अनुभव

लखनऊ (आरएनएस )बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विद्यापीठ द्वारा एम.एससी. मानव विकास एवं परिवार अध्ययन के विद्यार्थियों के लिए प्रयागराज का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी अग्रवाल तथा डॉ. सौम्या तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली को निकट से समझाना था।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने त्रिशला फाउंडेशन का दौरा किया, जहाँ सेरेब्रल पाल्सी एवं गतिशील विकलांगता से ग्रस्त बच्चों के लिए संचालित पुनर्वास सेवाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। फाउंडेशन के संस्थापक–अध्यक्ष एवं बाल अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र कुमार जैन तथा सचिव एवं जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. वरदामाला जैन ने संस्था के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और बहुविषयक पुनर्वास मॉडल की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, विशेष शिक्षा तथा पारिवारिक परामर्श जैसी सेवाओं की समन्वित प्रणाली को समझने का अवसर मिला।इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा परिवार एवं सामुदायिक विज्ञान विभाग का भी भ्रमण किया। मनोविज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चंद्रांशु सिन्हा ने विद्यार्थियों को मनोविज्ञान के अनुप्रयुक्त पक्षों, शोध गतिविधियों एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। वहीं परिवार एवं सामुदायिक विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंजली माथुर ने विभाग की शैक्षिक संरचना, शोध कार्यों तथा सामुदायिक विस्तार कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।विद्यार्थियों ने प्रारंभिक




बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा केंद्र तथा विश्वविद्यालय परामर्श प्रकोष्ठ का भी अवलोकन किया। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ तथा पेशेवर संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास का विकास हुआ।

# नवाचार और शोध भावना के साथ बूट कैंप का हुआ समापन

प्रयागराज। सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आईआईसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय "बूट कैंप ऑन प्रॉब्लम सॉल्विंग एंड आइडिएशन" का तृतीय दिवस अत्यंत उत्साह, नवाचार एवं रचनात्मकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम डॉ. कीर्ति राजे सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में "वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं जैविक खेती" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षा डॉ. अनीता सिंह रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हेमलता पंत (सहायक प्राध्यापक ,प्राणी विज्ञान विभाग, सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज) ने केंचुआ खाद निर्माण की वैज्ञानिक विधि, जैविक खेती के लाभ, मृदा उर्वरता में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत कृषि एवं आत्मनिर्भर खेती की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पल्लवी राय ने प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र "इंटरएक्टिव सेशन एवं स्टूडेंट इनोवेशन पिच (स्टूडेंट आइडिया प्रेजेंटेशन एंड एक्सपर्ट मेंटरिंग सेशन)" के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी एवं शोधपरक विचारों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस सत्र की अध्यक्षा प्रो. अमिता पांडेय रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. आलोक कुमार सिंह (वनस्पति विज्ञान), डॉ. मनोज जायसवाल (प्राणी विज्ञान) एवं डॉ. मोनिका सिंह (रसायन विज्ञान) शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के विचारों का मूल्यांकन करते हुए उन्हें उपयोगी सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पल्लवी राय ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वैलिडिक्टरी सेशन आयोजित किया गया। इस सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. एच. के. केहरी रहीं।

# राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

## शिक्षा व खेल जगत में महारथ हासिल करने वाले बच्चों को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

प्रयागराज। शिक्षा के क्षेत्र में चर्चित विद्यालय जनपद प्रयागराज के गंगापार स्थित विकास खण्ड सोरांव के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी में बड़े ही भव्य तारीके से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही वर्ष भर में बच्चों के द्वारा संजोईं गई उपलब्धियों को लेकर उन्हें सम्मानित करने का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में अहमद सिद्दिकी प्रधानाचार्य जीआईसी कौशांबी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जाबिद अली पूर्व प्रधानाचार्य जीआईसी गोहरी, डॉ धनंजय यादव प्रवक्ता व एस आर जी विज्ञान जीआईसी कमला नगर, सी. बी. सिंह जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष सोरांव, प्रधानाचार्या प्रियंका गोपेश मौजूद रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र के साथ भेंट स्वरूप व स्मृति चिन्ह के साथ उनका सम्मान बढ़ाया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मधुर – मधुर डांस व गीत आदि प्रस्तुत कर उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में दसवीं पास छात्रों जिनमें प्रथम स्थान पर रहे आशीष कुमार यादव 92 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अभिषेक कुमार 89 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त करने वाले रघु प्रताप 87 : तीनों छात्रों को मेडल व प्रशस्ति–पत्र के साथ उनको सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमन रानी यादव पूर्व प्रधानाचार्या जीआईसी गोहरी ने किया ।मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में बच्चों को समय प्रबन्धन से पढ़ाई कर उज्जवल भविष्य बनाने के गुर बताए। कार्यक्रम का संचालन पूनम यादव के द्वारा किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण ने शिक्षा की महत्वता को बतलाते हुए कैसे आगे बढ़ें और अपने लक्ष्य को कैसे हासिल करें बच्चों को बताया। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवइत से संतोष कुमार, के.के. सिंह, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी स्टॉफ में सरला, लालचंद्र, रोली, डॉ रीना, अनीता व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गोहरी सोरांव से आरती सिंह, प्रीती वर्मा, ऊषा यादव सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहते हुए बच्चों का तालियों के साथ उनका उत्साह वर्धन बढ़ाते रहे।

# शंकराचार्य पर बयान को लेकर अखिलेश यादव का हमला, कहा 'अहंकार बोलता है तो संस्कार विकार बन जाता है'

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर दिए गए बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, "पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले।"अखिलेश यादव ने कहा कि परम पूज्य शंकराचार्य के बारे में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना शाब्दिक हिंसा और पाप है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहने वालों के साथ–साथ सदन में मेज थपथपाकर समर्थन करने वाले भी समान रूप से दोषी हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा विधायक सदन के बाहर जनता के बीच जाएंगे तो जनता सड़क पर उनका 'सदन' लगाएगी।उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग महाकुंभ में हुई मौतों के सही आँकड़े सार्वजनिक नहीं करते, मुआवजे में पारदर्शिता नहीं रखते और अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं, उन्हें किसी के 'धर्म–पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है।अखिलेश यादव ने कहा कि बयान में 'कानून का शासन' शब्द का प्रयोग किया गया, जबकि 'विधि का शासन' कहा जाना चाहिए था। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या इस त्रुटि के लिए दोबारा सदन बुलाया जाएगा या 'लड़खड़ाता प्रायश्चित' किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो संस्कार विकार में बदल जाते हैं और व्यक्ति समाज में सम्मान खो देता है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य पर दिया गया

अभद्र बयान सदन की कार्यवाही में दर्ज हो चुका है और यह अत्यंत निंदनीय है।

## कांग्रेस विधि विभाग की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (विधि विभाग) की जिला, शहर एवं प्रदेश कमेटियों की घोषणा के बाद आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ में लखनऊ निवासित पदाधिकारियों एवं अधिवक्ता साथियों की एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता विधि विभाग के प्रदेश चेयरमैन आसिफ जमा रिजवी ने की। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी अनस खान और प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी अमानुर रहमान ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में सभी पदाधिकारियों ने आपसी परिचय के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों, रणनीति और विधि विभाग के ढांचे को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने विधि विभाग को जनपद एवं बूथ स्तर तक सक्रिय और संगठित करने पर जोर दिया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का विधि विभाग संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने अधिवक्ता साथियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में विधि विभाग प्रदेशभर में न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कांग्रेस ने निकाली मनरेगा महासंग्राम रैली

प्रयागराज। केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी प्रावधानों के दुष्प्रभावों आदि को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार अपराह्न मनरेगा महासंग्राम रैली निकाली। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी के नेतृत्व में शहीद चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि देने के बाद आजाद पार्क से प्रारंभ रैली महात्मा गांधी प्रतिमा पहुंची। गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद जन चौपाल का आयोजन किया गया। पार्टीजनों ने आरोप लगाया कि मनरेगा बंद होने से गांव का विकास खत्म हो जाएगा। कांग्रेस किस बल की तरह मनरेगा बिल वापसी के लिए सरकार को विवश करेगी। कहा कि गोड़से की नीति पर चलने वाली भाजपा और आरएसएस देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले राष्ट्रपिता के बलिदान को मिटा नहीं सकती। कांग्रेसी योजनाओं के नाम बदलना भाजपा की नीति रही है। कहा कि धोखे का दूसरा नाम भाजपा है पीएम मोदी उसके पर्याय हैं। हाशमी ने बताया कि मनरेगा वापसी को लेकर शहर की तीनों विधानसभाओं में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। रैली में प्रमुख रूप से हरिकेश त्रिपाठी, किशोर वार्ष्णेय, मुकुंद तिवारी, तस्लीम उद्दीन, अनूप त्रिपाठी, अफरोज अहमद, नयन कुशवाहा, परवेज सिद्दीकी, प्रतिमा त्रिपाठी, इश्तियाक अहमद, राकेश श्रीवास्तव, अरशद अली, माधवी राय, अंजुम नाज, रिजवाना बेगम, देवेंद्र कुमार, अहमदुल्ला, विनय पांडेय, शाहनवाज कुरैशी, सरताज मोहम्मद, सौरभ श्रीवास्तव, हसीन अहमद , नसरीन बानो, तबरेज अहमद, शीश अहमद, मो.नसीम, नफीस कुरेशी, अजय श्रीवास्तव जाहिद नेता सहित अनेक मौजूद थे।

# पुलवामा कांड की 7वीं बरसी पर हुआ रक्तदान

## 40 शहीदों की याद में 30 राष्ट्रवादियों ने ब्लड किया डोनेट

सुल्तानपुर(आरएनएस)। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सेना के 40 वीर जवानों की स्मृति में शनिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा, जिला चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. के. मिश्र व ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में हुआ। शनिवार को शिविर में मौजूद चिकित्सक व समाजसेवियों ने पुलवामा में शहीद जवानों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। संस्थापक निजाम खान ने रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्तदान किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी होता है, बल्कि यह समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करता है। संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव, ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफेसर डॉ संजय सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से आपातकालीन स्थितियों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है और कई मरीजों को समय पर उपचार मिल पाता है। आयोजन के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक चिकित्सकीय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया।

# हाईकोर्ट के आदेश से फतेहपुर संगत प्रधान के अधिकार बहाल

सुल्तानपुर(आरएनएस)। जिले के जयसिंहपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत के प्रधान को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बहाल करने का आदेश दिया है। मामला ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की शिकायत से शुरू हुआ था। शिकायत के आधार पर 4 फरवरी 2023 को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में शासकीय धनराशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि किए जाने के बाद प्रधान को 30 अगस्त 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तत्कालीन पंचायत सचिव को भी नोटिस भेजा गया था।इसके बाद अंतिम जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और शारदा सहायक खंड–49 के अधिशाषी अभियंता को नामित किया गया। जांच प्रक्रिया के बीच 4 नवंबर 2023 को तत्कालीन जिलाधिकारी ने प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए थे। 18 अप्रैल 2024 को सौंपी गई अंतिम जांच रिपोर्ट में भी अनियमितताओं का उल्लेख किया गया, जिसके आधार पर एक और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मामले में तकनीकी अधिकारी राज किशोर सिंह (अवर अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जयसिंहपुर) के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।इस पूरे प्रकरण को चुनौती देते हुए प्रधान ने हाईकोर्ट की शरण ली। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने 4 नवंबर 2023 को जारी जिलाधिकारी के आदेश, संबंधित जांच रिपोर्ट और कारण बताओ नोटिस को निरस्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत के प्रधान के रूप में तत्काल प्रभाव से वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बहाल किए जाएं।हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद जिले की राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# एमजीएस में इंटर के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

सुल्तानपुर(आरएनएस)। शहर के प्रतिष्ठित एमजीएस इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग के छात्रों ने कक्षा बारह विज्ञान वर्ग के छात्रों का विदाई समारोह क्षत्रिय भवन में किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी, संध्या, रुचि, सलोनी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। खुशनूर, सुकृति चेष्टा, यशवर्धन सिंह, राम दुबे, प्रियांशु, ओम सिंह द्वारा रैंप वॉक किया गया। सलोनी, रुचि, अनीता, कशिश ने नृत्य प्रस्तुत किया। जिकरा, मुस्कान, विक्रम, प्रियांशु, श्याम दुबे ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने बच्चों को अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देने के साथ–साथ इंटर की परीक्षा में कॉपी लिखने के टिप्स बताएं। कार्यक्रम संचालन सुरजीत पाल द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ अमरीश सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, रमेश प्रजापति, बलराम सिंह आलोक सिंह, राजेश कन्नौजिया, सुमित श्रीवास्तव, उपकार श्रीवास्तव, संदीप सिंह द्वारा किया गया पुरातन छात्र अखंड प्रताप और विकास ने बच्चों को अपने अनुभव बताएं।

# पूर्णता की ओर ले जाती है शिक्षा श्रीधराचार्य

अयोध्या। अशर्फी भवन के पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज ने कहा कि पाषाणरूपी शिला अपने में कुछ नहीं होती। उसके वास्तविक स्वरूप को पहचान कर मूर्तिकार उसे एक नया रूप देते हैं। फिर वही पाषाण रामलला बन जाते हैं। जिसका दर्शन करने करोड़ भक्ति पहुंचते हैं। यही कार्य विद्यालय का भी होता है। जहां के मूर्तिकार रूपी शिक्षक अपने विद्यार्थियों में ज्ञान का संचार करते हैं। पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित विद्यालय के वार्षिक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सब अपूर्ण है। शिक्षा ही पूर्णता लाती है। विद्यार्थियों में ज्ञान बाहर से प्रवेश नहीं करता बल्कि शिक्षक उसे विद्यार्थियों में पिरोता हैं। शिक्षक विद्यार्थी की पात्रता और सामर्थ को समझते हैं और फिर उसी के अनुरूप उनका परिमार्जन करते हैं। उन्होंने अभिभावकों का आवाहन करते हुए कहा कि अपने पुत्र और पुत्रियों में उनकी रुचि और उनकी अर्हता को पहचाने और पूर्व जन्म के संस्कारों को समझ कर उनका उचित मार्गदर्शन करें। जिससे वह सही दिशा में आगे बढ़ सकें। उस बाल्यपन के बीज की क्षमता को समझें और गगन, पवन, जल जैसे बनकर उनका सहयोग करें। सद्गुरु की शरण में पहुंचने के बाद निश्चित ही उन्हें अपनी आत्मा का बोध होगा। वह दर्शन, श्रवण, मनन और ज्ञान की प्रक्रिया से गुजरते हुए वह प्राप्त कर सकेंगे जो उनकी परिकल्पना है। अध्यक्षता कर रहे संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने कहा कि धर्मनगर अयोध्या हमेशा से संस्कार और अनुशासन का संदेश देती रही है। शिक्षा से ही विद्यार्थी प्रगति करता है और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ता है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला और उपलब्धियों को सभी से साझा किया। प्रबंधक सुश्री शची मेहरोत्रा ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति और इसके उत्तरोत्तर विकास पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षक विवेकानंद पांडेय ने समारोह का संचालन किया। इसके पहले एनसीसी कैप्टन उमाकांत भारती के निर्देशन में कैडेट ने अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ कर विद्यालय के नवनिर्मित द्वार का लोकार्पण किया। विद्यालय की पत्रिका सौरभ के 52 वें अंक का विमोचन हुआ। शिक्षक अनिल मिश्र के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, वन्देमातरम, बंधुत्व गीत, अवधी लोकगीत और राग यमन में शास्त्रीय संगीत की मनोहारी प्रस्तुति दी। आपरेशन सिंदूर पर आधारित हिंदी एकांकी ने देश भक्ति का जोश भर दिया। मार्मिक प्रस्तुति देख सभी विभोर हो गए। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर एसएसवी के प्रबन्ध कार्यसमिति सदस्य व पूर्व प्रबंधक पुनीत मेहरोत्रा, महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के अस्सिटेंट रजिस्ट्रार रजनीश गुप्ता, गोयनका स्कूल के चेयरमैन मदन मोहन त्रिपाठी, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, जयसराज वर्मा, रामनेग गौतम, डॉ घनश्याम यादव, अंबेडकरनगर जनपद के रघुपट्टी विद्यालय के प्रबंधक त्रियुग नारायण तिवारी, कवि अशोक टाटम्बरी, प्रधानाचार्य डॉ रामकृष्ण मिश्रा, राम प्रिया शरण सिंह, डॉ. उदय भान सिंह, डॉ मनमोहन सरकार, चिकित्सक डॉ एसके द्विवेदी, एमएल मेहरोत्रा, वेद राजपाल, फिल्म निर्माता जनार्दन पांडे बबलू पंडित, शिक्षक अभिभावक संघ की सदस्य सुमन, शिवकरन सिंह, सेवानिकृत शिक्षक बंशीधर पांड्येय, डॉ. अल्केश दत्त पाठक, विनोद शंकर मिश्रा, डॉ उदयभान मिश्रा, सेवानिवृत्त लिपिक राजमणि मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य चंडी प्रसाद तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक डॉ अशोक गौतम, महेश नारायण यादव, सुरेंद्र देव तिवारी, जयेंद्र पाठक, शशांक मिश्रा, उत्कर्ष सिंह, शैलेंद्र सागर मिश्रा, आत्मानंद व कई शिक्षक, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।एसएसवी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह में छात्र उमंग विश्वकर्मा और ओम यादव को मुकुंदी देवी मेहरोत्रा मेमोरियल अवार्ड के रूप में 11000–11000 रुपए की धनराशि प्रदान की गई। चार छात्र ऋषभ यादव, समीर सिंह व अन्य को रोटरी क्लब सम्मान के रूप में 2500–2500 रुपए प्रदान किया गया। जबकि काव्य पाठ, संगीत, सुलेख, हिंदी श्रुति लेख, अंत्याक्षरी, निबंध, भाषण, स्काउट, रेडक्रॉस, खेल, विज्ञान प्रदर्शनी, एनसीसी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और एकांकी के 300 से अधिक विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस दौरान उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।

# मिल्कीपुर फूड इंस्पेक्टर पर अवैध वसूली का आरोप

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र में छोटे दुकानदारों से अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। फूड इंस्पेक्टर मिल्कीपुर द्वारा छोटे–छोटे दुकानदारों से लगातार की जा रही अवैध वसूली का मामला अब मुख्यमंत्री के दरबार जा पहुंचा है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महा संगठन के प्रदेश सचिव एवं समाजसेवा से जुड़े नरसिंह ने फूड इंस्पेक्टर विवेक मौर्य पर भ्रष्टाचार और धमकी देकर पैसे ऐंठने के आरोप लगाए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री से हुई शिकायत के अनुसार, मिल्कीपुर के रमेश नगर बड़ी नहर के पास चाय की छोटी दुकान चलाने वाले मेराज खान की दुकान पर करीब एक सप्ताह पहले फूड इंस्पेक्टर विवेक मौर्य पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने दुकानदार को धमकाया, एक सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए और तहसील में मिलने को कहा। इसके बाद दुकान के रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के नाम पर 2000 रुपये वसूल लिए गए। दुकानदार का कहना है कि उससे पूरी रकम लेने के बावजूद केवल 100 रुपये की रसीद दी गई और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी अन्य मोबाइल नंबर पर ओटीपी मंगाकर एक पन्ने का प्रमाण पत्र थमा दिया गया। आरोप यह भी है कि पूरा पंजीकरण सेट या शुल्क का स्पष्ट विवरण दुकानदार को नहीं दिया गया। यह दावा किया है कि यह कोई एक मामला नहीं है। मिल्कीपुर क्षेत्र में छप्पर या टिन शेड में छोटी–मोटी दुकानें चलाने वाले दर्जनों व्यापारी ऐसे हैं, जिनसे इसी तरह 2 हजार से 25 सौ रुपये तक वसूले गए। बताया गया कि फूड इंस्पेक्टर प्रतिष्ठान पर पहुंचकर विभागीय कार्रवाई का डर दिखाते हैं, खाद्य पदार्थ का तथाकथित नमूना उठा लेते हैं और फिर पैसे की मांग करते हैं। पत्रकार संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि फूड इंस्पेक्टर विवेक मौर्य के काले कारनामों की निष्पक्ष जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के गरीब और छोटे व्यापारी उत्पीड़न से बच सकें।

## अंबेडकरनगर के शिक्षकों ने अयोध्या में किया प्रदर्शन

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में अंबेडकरनगर के शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन चर्चा में है। आलापुर क्षेत्र के रामनगर स्थित श्रीमती लीलावती आदर्श विद्या मंदिर के प्रबंधन विवाद को लेकर शिक्षक शनिवार को डिप्टी रजिस्ट्रार सोसाइटी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। शिक्षकों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि साधारण सभा की सदस्यता सूची को अद्यतन कर उसका प्रकाशन कराया जाए और इसके बाद ही चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उनका कहना है कि बिना पारदर्शी सदस्यता सूची के चुनाव कराना नियमों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत होगा।

# किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता अभियान - कॉनकोर के सीएसआर से बदली सोच

विजडम इंडिया। श्रावस्ती। कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड







(CONCOR) के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती के इकौना ब्लॉक में छात्राओं के मध्य मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आधार निर्माण फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक में किशोरी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 13 फरवरी 2026 से इकौना के तीन प्रमुख इंटर कॉलेजों शांति देवी कनक इंटर कॉलेज, जेतवन इंटर कॉलेज एवं चौधरी रामबिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज में सेमीनार तथा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के आयोजन के साथ हुई। सेमीनार के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं सुरक्षित प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा छात्राओं के प्रश्नों के साथ छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित महिला विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा छात्राओं को व्यक्तिगत परामर्श दिया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।
कार्यक्रम में उपस्थित 435 छात्राओं को सैनिटेरी नैपकिन वितरित किए गए और विद्यालय परिसरों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की स्थापना की गई, ताकि छात्राओं को नियमित रूप से सैनिटेरी नैपकिन उपलब्ध हो सके।
आधार निर्माण फाउंडेशन के प्रतिनिधि श्री विनोद कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह पहल किशोरियों के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन अधिकारी, प्रधानाचार्य, अध्यापिकाएं, महिला चिकित्सक, आधार निर्माण फाउंडेशन के प्रतिनिधि श्री विनोद कुमार द्विवेदी, कार्यक्रम अधिकारी श्री अहमद बिलाल, कार्यक्रम कॉर्डिनेटोर श्री चंद्रप्रकाश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति ने कॉनकोर और आधार निर्माण फाउंडेशन का धन्यवाद किया और आग्रह किया कि इस तरह के सामाजिक विकास के कार्यक्रम आगे भी जनपद में आयोजित होते रहें जिससे अधिक से अधिक छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

# नीलकंठ महाकालेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरी, निकली शोभायात्रा

कादीपुरध्सुलतानपुर। क्षेत्र में महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व पड़ेला स्थित नीलकंठ महाकालेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गईं। इसी क्रम में शनिवार, 14 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व प्रमुख डॉ. श्रवण मिश्र ने किया। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ नीलकंठ महादेव की प्रतिमा को एक आकर्षक विंटेज कार में विराजमान कर पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। जगह–जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।डॉ. श्रवण मिश्र ने कहा कि यह धाम क्षेत्र में आस्था और सनातन संस्कृति का केंद्र बनेगा। पड़ेला ग्राम सभा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ शामिल हुए। "हर–हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा तब मिली जब कांचीपुरम मठ के पीठाधीश्वर अनुभवनंद महाराज की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। क्षेत्रवासियों ने इसे ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## उखाड़ी जा रही मानक विहीन बनी सड़क

जौनपुर(आरएनएस)। आजमगढ़ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर चल रहे रिन्युअल कार्य में घटिया निर्माण को लेकर उठी आवाज का असर दिखने लगा है। चार दिन पूर्व किसान संगठन द्वारा मानक विहीन बन रहे सड़क पर झाडू लगाकर गिट्टियां बटोरने का समाचार प्रकाशित हुआ था। खबर के बाद हरकत में आए ठेकेदार व संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और खराब हो चुकी सड़क को उखाड़कर दोबारा निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी। राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर दानगंज से कनौरा तक करीब 16 किलोमीटर रिन्युअल कार्य प्रस्तावित है। निर्माण कार्य दानगंज की ओर से आगे बढ़ रहा है, लेकिन चंदवक बाजार सहित कई स्थानों पर सड़क बनने के दूसरे–तीसरे दिन ही गिट्टियां उखड़कर बिखर गईं। बीच सड़क पर अधूरा कार्य और मानकों की अनदेखी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी।पूर्वांचल किसान संगठन च व बाजारवासियों ने सड़क पर झाडू लगाकर बिखरी गिट्टियां इकट्ठा कर विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि यदि घटिया निर्माण कार्य नहीं रुका तो आगे काम बाधित किया जाएगा।टूटी सड़क और उड़ती धूल से राहगीरों व दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ तो ठेकेदार क्षतिग्रस्त हिस्से को उखाड़ना शुरू कर दिया गया। सड़क का दोबारा निर्माण किया जाएगा। लोगों की नजरें लगी हुई हैं कि दोबारा होने वाला निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के होता है या नहीं।

## तैयारियां जोरों पर, महाशिवरात्रि आज

जौनपुर(आरएनएस)। जिले में शिवरात्रि की तैयारियां जोरो पर मन्दिरों पर सफाई और व्यवस्था को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। कही शिवबारात तो कई मेले का आयोजन किया जाता है। दुकानदारों ने अपनी–अपनी दुकानें सजाना शुरू कर दिया है।अनेक शिमन्दिरों पर कलाकारों द्वारा फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रकार के झूलों समेत मिठाइयों घरेलू सामानों की दुकानें लगने लगी हैं। कई पुरान शिवमन्दिर पर आने वाले भक्तों की मनौतियां पूर्ण होती हैं। त्रिलोचन महादेव मन्दिर में रविवार को भोर से जलाभिषेक प्रारंभ हो जाएगा। कई दिनों से शिवरात्रि की तैयारी चल रही है। भक्तों की सुविधा के लिए रास्ते में मैट बिछाई जाएगी। भक्तों को फलाहार का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मछलीशहर के बरईपार स्थिति मेहरवा महादेव मन्दिर, करसूल नाथ मन्दिर पर भव्य मेले का कायोजन किया जा रहा है। रामनगर विकासखंड के महाशिवरात्रि के शुभअवसर पर शिव भक्तों द्वारा क्षेत्र के सभी शिवालाओं में साफ सफाई एवं पूजन अर्चन की व्यवस्था बड़े हर्ष उल्लास के साथ किया गया है प्राचीन मंदिर गौरी शंकर महादेव मंदिर में जलाभिषेक एवं कीर्तन भजन विशाल मेले का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के ग्राम सभा और के निर्माणाधीन शिव मंदिर शिवनगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मेला एवं शिव भक्तों द्वारा भक्ति भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया है मेला के संस्थापक स्व. श्री शमशेर बहादुर श्रीवास्तव पुत्र स्व. शारदा प्रसाद श्रीवास्तव कार्यक्रम के व्यवस्थापक विनय कुमार श्रीवास्तव पत्रकार, विपिन कुमार ने यह जानकारी दी।

## रंगदारी को लेकर चिकित्सक को मारी गोली

जौनपुर(आरएनएस)। जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के लखौवा बाजार में शनिवार को अपरान्ह कथित चिकित्सक वीके बंगाली को गोली मार दी गई। एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनके पैर में गोली मारी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डा0 बंगाली लखौवा बाजार स्थित अपने घर पर ही डिस्पेंसरी चलाते हैं। उन्हें यह काम करते हुए 32 साल हो गए हैं। वे हमेशा की तरह मरीजों का इलाज कर रहे थे, तभी यह घटना हुई। घायल ने पुलिस को बताया कि उन्हें 50 लाख रुपये की रंगदारी के लिए धमकी मिली थी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी को वे एक शादी समारोह में शामिल होने अपने घर गए थे। 6 फरवरी को लखौवा स्थित अपने घर लौटे थे। इसी दौरान उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक कॉल आया था।फोन करने वाले ने खुद को श्सोले सिंहश् बताया और 24 घंटे के भीतर 50 लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा था। ऐसा न करने पर गोली मारने की धमकी दी गई थी।जब वे अपनी डिस्पेंसरी पर मरीज देख रहे थे, तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे। तीनों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। उनमें से एक बदमाश मोटरसाइकिल से उतरा, जेब से पिस्तौल निकाली और बिना कुछ कहे उन पर फायर कर दिया।बदमाश ने डॉक्टर पर तीन गोलियां चलाईं, जिनमें से एक उनके पैर में लगी, जबकि अन्य दो चूक गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और मामले की छानबीन कर रही है।

## अभद्र टिप्पणी पर गायक के खिलाफ मुकदमा

जौनपुर(आरएनएस)। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में थाना बक्सा पुलिस ने गायक निलेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश देना शुरू कर दिया है। ग्राम बेलछा निवासी निलेश यादव पुत्र राम अवध यादव ने अपने फेसबुक आईडी से न्यूज वन इंडिया के जिला संवाददाता देवेंद्र खरे के खिलाफ कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद संबंधित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर दी गई।तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## हादसे में तीन लोग घायल

जौनपुर(आरएनएस)। नगर कोतवाली क्षेत्र के सीहींपुर के पास शनिवार की सुबह करीब 9 बजे आटो और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गयें हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मछलीशहर की ओर से एक आटो आ रहा था तभी विपरीत दिशा से बाइक आ रही बाइक से टक्कर हो गई। यह हादसा एक अवैध कट के कारण हुआ है। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने सिकरारा क्षेत्र के जनवेरा गांव निवासी 28 वर्षीय विक्की यादव और इब्राहिमाबाद निवासी राकेश कुमार व एक अज्ञात घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

## सेना के जवान को 1.05 करोड देने का आदेश

जौनपुर(आरएनएस)।सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुत्तूपुर निवासी सिक्किम में तैनात सेना के जवान अशोक कुमार की 3 वर्ष पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के न्यायाधीश मनोज कुमार अग्रवाल ने दुर्घटना करने वाले वाहन स्कॉर्पियो की बीमा कंपनी को आदेश दिया कि मृतक की पत्नी व बच्चों को 2 माह के भीतर ब्याज सहित 1.05 करोड रुपए क्षतिपूर्ति की धनराशि अदा करें।ज्ञात हो कि 14 सितंबर 2022 को 42 वर्षीय अशोक कुमार मोटरसाइकिल से, अपने बायें से शाहगंज से वापस घर कुत्तूपुर आ रहे थे कि समय 6.00 बजे शाम जब वह तरसावां मोड़ के पास पहुंचे तभी स्कॉर्पियो नंबर यूपी 50 एजे 8884 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अशोक कुमार की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। वह सशस्त्र सीमा बल सिक्किम में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। मृतक अशोक की पत्नी सोनी व उसके बच्चे निवासी कुत्तूपुर ने मोटर एक्सीडेंट ट्रिब्यूनल में अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व नीलेश निषाद के माध्यम से दुर्घटना करने वाले वाहन स्कॉर्पियो के स्वामी, चालक व बीमा कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति का मुकदमा दाखिल किया।

# सर्व समाज की पार्टी है एआईएमआईएम

जौनपुर(आरएनएस)। एआईएमआईएम के बारे में ये आख्यान रच दिया गया है कि एआईएमआईएम सिर्फ मुस्लिम समाज की पार्टी है जोकि पूर्ण रूप से गलत है। एआईएमआईएम हिंदुस्तानियों की पार्टी है। उक्त बातें एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।उन्होंने कहा कि देश में सभी समाज के लोगों का अपना नेतृत्व है,परन्तु अगर कोई मुस्लिम समाज का व्यक्ति अपने समाज की आवाज बन कर उभरने का प्रयत्न करता है तो उसे तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल वोट काटने का आरोप लगा कर जनता को भ्रमित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में मुस्लिम समाज सामाजिक–राजनीतिक तौर पर हासिये पर है। संवैधानिक पद पर बैठे हुए लोग और देश की सबसे बड़ी पार्टी के नेतागण आए दिन अल्पसंख्यक समाज के बहुसंख्यक वर्ग पर गैरसंवैधानिक टिप्पड़ी करते हैं,जिससे मुस्लिम समाज में भय बना रहता है। जब पार्टी मुखिया श्री ओवैसी इस विषयों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं तो उन्हे भड़काऊ भाईजान कह कर सम्बोधित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में पचास से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी, और भारी सफलता हासिल करेगी। तथा बिना एआईएमआईएम सदस्यों के समर्थन के कोई जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं बन पाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी जनपद की सभी सीट पर ग्रास रूट पर संगठन मजबूत कर रही है। जावेद सिद्दीकी, अभयराज भारती,जिला महासचिव शाहनेयाज अहमद, इरशाद अहमद, नगर अध्यक्ष जावेद अजीम, जिला संयुक्त सचिव शमशाद अहमद,शहजादे अंसारी,मजनू राम गौतम, सलाहुद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति

बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्मम्ंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी।बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है। लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का?बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम मेंभारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में



राजनीतिक ध्रुवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने–बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए। तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है।आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की "नई गंगा" तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं।भारत–बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा। भारत ने बांग्लादेश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उस ऐतिहासिक साझेदारी को भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक आधार पर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।यह भी ध्यान रखना होगा कि दक्षिण एशिया की राजनीति अब केवल द्विपक्षीय समीकरणों तक सीमित नहीं है। चीन की बढ़ती उपस्थिति, अमेरिका की रणनीतिक रुचि और पाकिस्तान की पारंपरिक भूमिका–इन सबके बीच बांग्लादेश को संतुलित कूटनीति अपनानी होगी। यदि नई सरकार वैचारिक आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखती है, तो वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में एक परिपक्व भूमिका निभा सकती है। परंतु यदि विदेश नीति घरेलू राजनीति का विस्तार बन गई, तो अस्थिरता का चक्र फिर दोहराया जा सकता है।इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि बांग्लादेश का मतदाता अब निर्णायकता चाहता है। लंबे समय तक आंदोलन, विरोध और अंतरिम प्रयोगों से थका समाज स्थिर शासन की आकांक्षा रखता है। किंतु स्थिरता केवल बहुमत से नहीं आतीय वह संस्थाओं की मजबूती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वायत्तता से आती है। नई सरकार को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने की संस्कृति का नाम है। यदि विपक्ष को हाशिये पर धकेला गया या आलोचना को देशविरोध का रूप दिया गया, तो लोकतांत्रिक ऊर्जा क्षीण हो जाएगी।बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्मम्ंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

## सम्पादकीय

### परमाणु विनाश का खतरा

परमाणु अस्त्रों की होड़ से बचने के लिए संधि की शुरुआत 1970 के दशक से हुई। तब से हमेशा किसी ना किसी संधि का अस्तित्व रहा। मगर अब ऐसा नहीं है। इससे परमाणु हथियारों और मिसाइलों की नई होड़ का रास्ता साफ हो गया है। पांच दशक में ऐसी स्थिति पहली बार आई है, जब दुनिया में परमाणु युद्ध का खतरा टालने की किसी संधि का अस्तित्व नहीं है। चार फरवरी को अमेरिका और रूस के बीच मौजूद न्यू स्टार्ट (स्ट्रेटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी) की अवधि समाप्त हो गई। रूस ने अमेरिका से नई संधि होने तक न्यू स्टार्ट की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने उसे नजरअंदाज कर दिया। इस तरह अमेरिका और रूस अब असीमित संख्या में परमाणु हथियारों की तैनाती के लिए स्वतंत्र हैं। 2010 में हुई न्यू स्टार्ट के तहत दोनों देशों ने अधिकतम 1550 परमाणु अस्त्रों की तैनाती की सीमा तय की थी।
साथ ही प्रावधान था कि दोनों देश एक दूसरे की तैनाती के ठिकानों या अन्य परमाणु ठिकानों का निरीक्षण कर सकेंगे। इसके तहत अंतर–महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों और पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती की संख्या भी तय थी। परमाणु अस्त्रों की होड़ से बचने के लिए संधि की शुरुआत 1970 के दशक से हुई। तब से हमेशा किसी ना किसी संधि का अस्तित्व रहा। मगर अब ऐसा नहीं है। इससे परमाणु हथियारों और मिसाइलों की नई होड़ का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की दलील है कि चीन उसके लिए खतरा बन कर उभर रहा है, जो उपरोक्त संधि में शामिल नहीं था। चीन का कहना है कि उसके पास मौजूद परमाणु हथियार अमेरिका और रूस से बहुत कम हैं, इसलिए उसे इस विवाद में नहीं घसीटा जाना चाहिए। एक आकलन के मुताबिक अमेरिका के पास कुल 3,700, रूस के पास 4,309 और चीन के पास लगभग 600 परमाणु हथियार हैं। इस बीच ट्रंप प्रशासन ने गोल्डेन डोम परियोजना पर काम शुरू किया है। यह मिसाइल रक्षा कार्यक्रम है। रूस और चीन का कहना है कि इसका निर्माण होने के बाद सामरिक समीकरण बदल जाएंगे। उसे देखते हुए उन्हें अपने परमाणु अस्त्रागार और मजबूत करने होंगे। दलील यह भी है कि गोल्डेन डोम न्यू स्टार्ट की भावना का उल्लंघन है।

### सेल बड़ी छलांग की ओर बेहतर वित्तीय सूझबूझ से 200 लाख टन बिक्री का तय किया नया लक्ष्य

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भविष्य के लिए एक नई और मजबूत योजना पर काम कर रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारना और बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना है। सेल का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने ऋण को कम करना है। इससे कंपनी के पास भविष्य के बड़े निवेशों के लिए ज्यादा पैसा और आजादी होगी। कंपनी अपनी उत्पादन लागत को कम करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान दे रही है ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके। सेल अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि देश में स्टील की बढ़ती मांग का फायदा उठाया जा सके। कंपनी ने अपनी इस तरक्की को मापने के लिए एक लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024–25 में जहां बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025–26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है।

वित्तीय सूझबुझ और दूरदर्शिता की यह गूंज वित्त वर्ष 2025–26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी सुनाई दी, जहां निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि ऋण में कटौती काफी महत्वपूर्ण रही है, जिसमें अप्रैल–दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान ?5,000 करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। पिछले साल 31 दिसंबर, 2025 तक ऋण ?24,852 करोड़ था, जिसके बाद जनवरी 2026 में ?2,000 करोड़ की और कमी आई। इस अनुशासित ऋण कटौती ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं। डॉ. पंडा ने बताया, परिचालन दक्षता, इन्वेंट्री लिक्विडेशन, लागत अनुकूलन और मजबूत ट्रेजरी प्रबंधन इत्यादि ने मिलकर बेहतर वित्तीय प्रबंधन को संभव बनाया है। कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025–26 की नौ महीने की अवधि (अप्रैल25 – दिसंबर25) में बिक्री की मात्रा में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रयास ने अप्रैल 25 – जनवरी 26 के बीच कुल बिक्री को 16.6 मिलियन टन तक पहुँचा दिया, साथ ही महत्वपूर्ण इन्वेंट्री परिसमापन को भी सक्षम बनाया। सेल ने इन–प्रोसेस और तैयार स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई।कंपनी लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। सालाना मैनपावर में कमी से प्रति टन कार्मिक लागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। इसके साथ ही, सेल अनुपालन की जरूरतों के साथ–साथ लागत कम करने के लिए भी अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ऊर्जा व्यय में संरचनात्मक बचत हो रही है। ये उपाय प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करते हुए कंपनी के व्यापक स्थिरता एजेंडे के साथ मेल खाते हैं।कंपनी के भविष्य के विजन पर सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कहारू कंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ–साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है।

# आंदोलन, हिंसा, तख्ता पलट और बहुमत... बांग्लादेश ने डेढ़-दो साल में बहुत कुछ देख लिया

चुनाव परिणामों में बीएनपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 297 सीटों में से 212 सीटें जीत कर साफ बहुमत हासिल कर लिया है। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को 77 सीटें मिलीं, जबकि बाकी सीटें निर्दलीय और छोटे दलों के खाते में गईं।बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके दो दशक के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी कर ली है। बीएनपी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तारिक रहमान से फोन पर बात कर उन्हें जीत की बधाई दी। इससे पहले मोदी ने सुबह ही बीएनपी को जीत की बधाई देते हुए ट्वीट कर दिया था।देखा जाये तो बांग्लादेश चुनाव के परिणाम से केवल सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ है बल्कि संभवतः उस दौर का भी अंत हुआ है जो लंबे समय तक शेख हसीना और उनकी अवामी लीग के इर्द–गिर्द घूमता रहा। छात्र आंदोलन, आर्थिक ठहराव, भ्रष्टाचार के आरोप और फिर हिंसक टकरावों के बाद बनी राजनीतिक खाली जगह को इस चुनाव ने भरा है। इन चुनावों का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यह उस उथल पुथल के बाद हुए हैं जिसने शेख हसीना की पंद्रह साल पुरानी सरकार को गिरा दिया था। छात्र आंदोलन पर सख्त कार्रवाई, बड़ी संख्या में जान हानि और उसके बाद हसीना का देश छोड़ना बांग्लादेश के लोकतांत्रिक इतिहास की बड़ी घटनाएं बन चुकी हैं। अंतरिम सरकार के रूप में नोबेल सम्मान पा चुके मुहम्मद यूनुस ने देश को चुनाव तक पहुंचाया, लेकिन उनका कार्यकाल भी तमाम तरह के विवादों से भरा रहा।चुनाव परिणामों में बीएनपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 297 सीटों में से 212 सीटेंजीत कर साफ बहुमत हासिल कर लिया है। जमात ए इस्लामी



के नेतृत्व वाले गठबंधन को 77 सीटें मिलीं, जबकि बाकी सीटें निर्दलीय और छोटे दलों के खाते में गईं। यह भी उल्लेखनीय है कि तीन दशक में पहली बार शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का चुनाव चिह्न नाव मतपत्र पर नहीं था, क्योंकि पार्टी को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। इससे साफ है कि बांग्लादेश की राजनीति अब दो पुराने ध्रुवों की सीधी टक्कर से आगे बढ़कर नए समीकरण बना रही है।तारिक रहमान की वापसी भी अपने आप मेंएक अलग राजनीतिक कथा है। कभी निर्वासन में रहे रहमान अब साठ वर्ष की उम्र में देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। अपनी मां और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन के तुरंत बाद उन्होंने पार्टी की कमान संभाली थी और अब जीत को उनके नाम पर समर्पित करते हुए जश्न टालने की अपील की है। बीएनपी ने चुनाव परिणाम को लोकतंत्र की जीत बताया है और अपने कार्यकर्ताओं के बलिदान को याद किया है। साथ ही तारिक रहमान का 31 सूत्रीय विकास कार्यक्रम एक कल्याणकारी सरकार बनाने की बात करता है, जिससे साफ है कि वह केवल सत्ता नहीं बल्कि नीति आधारित वैधता भी चाहते हैं। सामाजिक स्तर पर भी यह चुनाव अहम रहा। मतदान के दिन सुबह से लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं ने यह संकेत दिया था कि लोग पारदर्शी चुनाव और स्थिर शासन चाहते हैं। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय खासकर हिंदू समाज पर हमलों की खबरों के बीच ढाका से बीएनपी के हिंदू नेता गायेश्वर चंद्र राय की जीत प्रतीकात्मक महत्व रखती है। यह नई सरकार के लिए एक संदेश भी है कि उसे अल्पसंख्यक सुरक्षा पर ठोस कदम उठाने होंगे। भारत पहले ही इस मुद्दे पर चिंता जता चुका है। अब बात भारत बांग्लादेश संबंधों की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद फोन कर तारिक रहमान को बधाई दी और दोनों देशों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साथ काम करने की बात कही। यह कदम कूटनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। भारत ने संकेत दिया है कि वह बांग्लादेश की जनता के जनादेश का सम्मान करता है और नई सरकार के साथ काम करने को तैयार है, चाहे उसका राजनीतिक झुकाव कुछ भी हो। आने वाले दिनों में इसके कई असर दिख सकते हैं। सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों पर संवाद जारी रह सकता है, क्योंकि यह दोनों देशों की साझा चिंता है। साथ ही व्यापार और संपर्क परियोजनाएं, जैसे सड़क, रेल और नदी मार्ग सहयोग, नई सरकार के लिए भी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, इसलिए इन पर चर्चा जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा, अगर नई सरकार अल्पसंख्यक सुरक्षा पर भरोसा जगाती है तो द्विपक्षीय भरोसा और गहरा होगा। हालांकि कुछ चुनौतियां भी रहेंगी। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति हमेशा सहज नहीं रहा है और जमात–ए–इस्लामी जैसे दलों का प्रभाव भारत में चिंता पैदा कर सकता है। ऐसे में मोदी का शुरुआती फोन एक भरोसा बनाने वाला कदम है, जिससे नई दिल्ली यह दिखा रही है कि वह टकराव नहीं बल्कि सहयोग की राह चुनना चाहती है। कुल मिलाकर देखें तो बांग्लादेश एक नए राजनीतिक अध्याय में प्रवेश कर रहा है। जनता ने बदलाव चुना है, पर अब असली परीक्षा शासन, आर्थिक सुधार, और सामाजिक सौहार्द की है।

# नई परतों की नई सुर्खियों में ट्रंप बैचेन

हरिशंकर व्यास

चाहे तो इसे पतनगामी पूंजीवाद का मकड़जाल कहें या अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का कालजयी सत्व–तत्व! मनुष्य आदिकाल से पैसे (पॉवर, अर्थ) और सेक्स (काम–भोग) की वासना में जन्म–जन्मांतर चक्र में खपा चला आ रहा है। इसी से धर्म व मोक्ष के फलसफे गढ़े। बावजूद इसके ताजा सुर्खियां चौंकाने वाली है। पहली बार सेक्स–पॉवर की धुरी का वैश्विक तानाबाना खुला है। आज जेफरी एपस्टीन दुनिया का नंबर एक चर्चित चेहरा है। पहली बार अदालती दस्तावेजों से सत्ता, पूंजी और यौन–शोषण का इतना गहरा और पसरा नेटवर्क उभरा है।

एपस्टीन सिर्फ फाइनेंसर, यौन अपराधी और मानव तस्कर नहीं था। वह उस नेटवर्क का रचयिता था, जो राष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राजकुमार, खरबपति और वैश्विक प्रभावशाली कुलीनों, एलिट की भूख का सप्लायर था। वह संपर्कों, यात्राओं और संवादों से वह सब करता हुआ था जो आमतौर पर देशों की राजधानियों में सिमटे सत्ता–दलालों का पैमाना रहा है। पहली बार मालूम हुआ कि अमेरिका यदि दुनिया को नचाता है तो अमेरिकी दलाल भी दुनिया को नचाते हैं। इनकी वह वैश्विक, बहुराष्ट्रीय मंडी है, जिससे तमाम देशों के नेताओं की भूख पूरी होती है। और यह महज अफवाह या खोजी पत्रकारिता की सनसनी नहीं है, बल्कि अदालतों और जांच एजेंसियों के दस्तावेजों से उद्घाटित है।

सो, एपस्टीन केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस व्यवस्था, उस भूख का प्रतीक है, जिसमें पैसा, प्रभाव और वासना एक–दूसरे को पोषित करते हैं। एपस्टीन इस तंत्र का केंद्रीय संचालक था। और वह अपराधी भी करार हुआ। जेल में ही उसने आत्महत्या की।

शुक्रवार को अमेरिका के न्यायिक विभाग ने 35 लाख से अधिक पेज और हजारों फोटो और वीडियो सार्वजनिक किए। सब जेफरी एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल के सेक्स–रैकेट नेटवर्क की जांच से जुड़े हैं। इन दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक संदेश, फ्लाइट लॉग, बैंक रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। और उसके कारण अमेरिका में सर्वाधिक फोकस में राष्ट्रपति ट्रंप लगातार हैं। उनके एपस्टीन के साथ रिश्तों का तानाबाना और खुला है।

शायद इसी कारण अमेरिकी न्याय विभाग ने सभी दस्तावेज जारी नहीं किए। उसने खुद बताया है कि और भी दस्तावेज फाइलों में हैं, मगर उन्हें जारी नहीं किया जाएगा। यदि अमेरिका की संसद अपने कानूनी अधिकारों से जस्टिस विभाग को मजबूर नहीं करती, तो शुक्रवार के दस्तावेज भी सार्वजनिक नहीं होते। इसलिए आगे ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ेंगी। जस्टिस विभाग ने ट्रंप या उन जैसी वैश्विक हस्तियों को बचाने के लिए दस्तावेजों के महत्वपूर्ण अंश, जैसे गवाहों के बयानों पर काली स्याही पोतकर उन्हें पब्लिक से ओझल किया। मतलब नाबालिग या कम उम्र की यौन पीड़िता ने गवाही में अपना जो बयान दर्ज कराया, उसके पूरे पेज को काली स्याही से पोत दिया। इस तरह स्याही से नाम, गवाही सब मिटा दिए गए। मतलब नेटवर्क के उजागर हुए कोई बीस–पच्चीस दलालों, सप्लायरों में किसने क्या किया और यौन–शोषण की शिकार महिलाओं ने क्या बयान दिए, सब काली स्याही में छुपाकर जस्टिस विभाग ने दस्तावेज जारी किए हैं।

सो, अमेरिकी कांग्रेस और खासकर डेमोक्रेट सांसदों ने न्यायिक विभाग पर आरोप लगाया है कि पहले तो उसने कानूनी समयसीमा की पालना नहीं की। फिर फाइलों को पूरी और बिना काले अक्षरों ) के रूप में जारी नहीं किया, ताकि पावरफुल लोगों की पहचान दबी रहे। उस नाते कह सकते हैं कि कहानी तो अभी शुरू हुई है।

अमेरिकी मीडिया में यह बहस चली हुई है कि फाइलों के सार्वजनिक किए जाने के बावजूद कितने लाख कागज, फोटो, वीडियो न्यायिक विभाग ने दबाए हुए हैं? कितनी सच्चाई और गवाही सामने आई है और कितनी छिपी हुई है?

ईमेल दस्तावेजों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम बार–बार है। इन्हें ट्रंप ने डेमोक्रेट नेताओं की साजिश कहकर खारिज किया है। ताजा दस्तावेजों के हाई–प्रोफाइल व्यक्तियों में बिल गेट्स, ट्रंप के वाणिज्य मंत्री, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन–विंडसर, इलॉन मस्क आदि कई नाम हैं।

निश्चित ही जिक्र से यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि ये सभी एक ही थैली के चट्टे–बट्टे थे, मगर यह भी तथ्य है कि भंडाफोड़ होने के खतरे के चलते ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन–विंडसर ने पहले ही पदवी छोड़ दी। एपस्टीन द्वारा प्रिंस को भेजी गई यौन शोषण की शिकार महिला ने कहा है कि उन्हें पूर्व प्रिंस के साथ सेक्स के लिए ब्रिटेन भेजा गया था। इस महिला के वकील ने एपस्टीन के वैश्विक नेटवर्क की शिकार दो सौ से ज्यादा यौन पीड़िताओं के मामले देख रहे हैं। उन्होंने वर्जीनिया जियुफ्रे का भी केस लड़ा, जिसका आरोप था कि सन् 2001 में, जब वह 17 साल की थीं, तब उन्हें लंदन लाया गया ताकि वह पूर्व प्रिंस की भूख पूरी कर सकें।

जेफरी एपस्टीन को सबसे पहले 2008 में फ्लोरिडा में 14 साल की लड़की से सेक्स के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसने अपनी सजा जुलाई 2010 में पूरी की। बीबीसी के अनुसार, एपस्टीन ने तब कई महिलाओं को व्यावसायिक उड़ानों और अपने निजी जेट्स के जरिए ब्रिटेन पहुंचाया था।

सो, जेफरी एपस्टीन का कारनामा, वैश्विक नेटवर्क का ही नहीं है। इस कहानी के और भी पहलू है। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद की बदौलत एपस्टीन का साम्राज्य बना। अमेरिका में यहूदी ताकत का वह एक प्रतिनिधि चेहरा था। इसलिए पश्चिम एशिया की क्षेत्रीय राजनीति, ईरान बनाम सऊदी अरब की भू–राजनीति से लेकर मालदीव के राष्ट्रपति द्वारा चुनाव के लिए एपस्टीन से गुहार, आदि के ऐसे असंख्य किघ्स्से हैं, जिससे मालूम होता है कि दुनिया वैसे ही चलती हुई है जैसे भारत में लुटियन दिल्ली के नेटवर्क रहे है।

बावजूद एपस्टीन ने सालों तक जितना बड़ा यौन तस्करी नेटवर्क चलाया है तथा वह देशोंध्शक्तिशाली व्यक्तियों से लगातार जुड़ा रहा, वह भूमंडलीकृत दुनिया से विकसित अजूबा था। खासकर इसलिए कि वैश्विक मीडिया की सक्रियता के बावजूद कभी किसी को भनक नहीं लगी। एपस्टीन मूलतरू पूंजीपति फाइनेंसर था। वित्तीय करियर में उसने अमीर, शक्तिशाली और प्रसिद्ध लोगों के साथ सेक्स के जरिए वैश्विक सामाजिक नेटवर्क बनाया। 2008 में उसे कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन गतिविधि के लिए अदालत ने दोषी ठहराया था। बावजूद इसके वह रूका, थमा नहीं। जेल से छूटने के बाद उसने रुतबा बनाया। 2019 में वह फेडरल नाबालिग यौन तस्करी के आरोपों में गिरफ्तार हुआ। अदालत फैसला सुनाने ही वाली थी कि उसने 2019 में जेल में आत्महत्या की।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा।

वृष राशि–
आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाइयों को छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

कर्क राशि–
आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा।

सिंह राशि–
आज आपका दिन खुशियां लायेगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा।

कन्या राशि–
आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नयी दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी।

तुला राशि–
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीकों पर विचार करेंगे।

मकर राशि
आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। पारिवारिक सुख–सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे।

कुम्भ राशि–
आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

मीन राशि–
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

# दिल्ली दरवाजा में बनेगा पार्क, कच्चा नाला को पक्का बनवाने का वादा

अयोध्या। नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने विक्रमादित्य वार्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नजूल की खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने एवं कच्चा नाला को पक्का बनवाने का वादा किया। सुबह के लगभग साढ़े आठ बजे महापौर व नगर आयुक्त गुदड़ी बाजार तिराहा पहुंचे तो पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र मिश्र ने स्थानीय नागरिकों के साथ फूल–मालाओं से उनका स्वागत किया। यहां स्थानीय नागरिकों ने बंगालीहाता के पास नाली की सफाई एवं रोड लाइट जलवाने की मांग की। महापौर ने इस पर अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। पार्षद प्रतिनिधि ने सीवर डलवाने का मुद्दा उठाया। थोड़ा आगे बढ़ने पर कार्नर पर स्थित जर्जर भवन में लटके तार बदलवाने की मांग सामने आई तो महापौर ने बिजली विभाग से पत्राचार करने का भरोसा दिया। महापौर ने रास्ते में लगे इंडिया मार्का–टू हैंडपंप को चलवाकर जांच की तो नल सही पाया गया। नालियों में एंटीलार्वा का छिड़काव चल रहा था। सफाई कर्मियों को ठेले से कूड़ा उठाता देख महापौर ने संतोष जताया। अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव की गली के सामने खाली पड़ी जमीन पर पौधरोपण कर पार्क बनवाने एवं हाईमास्ट लाइट एवं लोगों के बैठने के लिए बेंच लगवाने की मांग पर महापौर ने जल्द कदम उठाने का वादा किया। उन्होंने दिल्ली दरवाजा ढाल पर सड़क सही करवाने का भरोसा दिया। इस दौरान लोगों ने पेयजल संकट से महापौर को अवगत कराया। राजेश निषाद के आवास के पास नाले पर स्लैप डलवाने का भी वादा महापौर ने किया। इस दौरान कच्चा नाला को पक्का बनवाने, परिक्रमा मार्ग को जल्द पूरा कराने की आवश्यकता जताई गई। भ्रमण के दौरान विघ्नेश्वरनाथ महादेव के पास गंदगी देखकर नाराजगी जताई और सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने क्रॉसिंग एवं नालियों पर टूटी हुई पटिया ठीक करने का भरोसा दिया। दिल्ली दरवाजा में एक जगह बिजली का खंभा टेढ़ा होने पर नगर आयुक्त ने नए खंभे पर तारों के स्थानांतरण कराने के लिए पत्राचार का निर्देश अधिकारियों को दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि महापौर ने भ्रमण के दौरान लोगों के घरों में सप्लाई हो रहे पेयजल की जांच कराई। पानी का टीडीएस सामान्य पाया गया। जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए अवशेष क्लोरीन भी पानी में पाया गया। निरीक्षण के दौरान पार्षद सुनील यादव, अपर आयुक्त भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, आलोक द्विवेदी, पूर्व पार्षद दिलीप जायसवाल, मदन पहलवान, अमीरचंद जायसवाल आदि थे।

# बम की सूचना से कचहरी परिसर में मचा रहा हड़कंप

### -पुलिस जांच में नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

अयोध्या। शुक्रवार की दोपहर कचहरी परिसर में उस समय अफरा–तफरी मच गई जब अचानक लाउडस्पीकर से परिसर खाली करने की घोषणा कर दी गई। करीब एक बजे हुई इस घोषणा के बाद वकीलों, फरियादियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कोर्ट कक्षों में चल रही सुनवाई तत्काल रोक दी गई और कई मामलों में अगली तारीख दे दी गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से पूरे कलेक्ट्रेट व कचहरी परिसर को खाली कराना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक हुए एनाउंसमेंट से लोगों में अफरा तफरी फैल गई और लोग तेजी से बाहर निकलने लगे। कुछ समय तक परिसर के बाहर भारी भीड़ जमा रही। बाद में जानकारी मिली कि कचहरी और कलेक्ट्रेट परिसर में बम होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके बाद प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर की सघन तलाशी ली। वकीलों के शेड, कोर्ट कक्षों, रिकॉर्ड रूम और आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच की गई। करीब दो घंटे तक चली तलाशी के बाद किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सीओ सिटी ने बताया कि ईमेल के माध्यम से बम की सूचना मिली थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। उन्होंने कहा कि जांच में अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, फिर भी मामले की पड़ताल की जा रही है और ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की है। फैजाबाद बार काउंसिल के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने बताया कि सभी वकीलों से अपील की गई है, जब तक पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों का सर्च ऑपरेशन जारी है, तब तक परिसर में ना जाएं।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या मामले में चार गिरफ्तार

### –घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी

मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के चौधरीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 65 वर्षीय बुजुर्ग जमुना प्रसाद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 11 फरवरी बुधवार को जमुना प्रसाद यादव अपने घर पर दरवाजा लगा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी पक्ष से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विपक्षी देवनारायण पुत्र जगदंबा प्रसाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ लाठी–डंडा लेकर मौके पर पहुंचे और जमुना प्रसाद पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

मृतक के पुत्र आसाराम की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 3(5), 352 व 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया।थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटना के 48 घंटे के भीतर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए देवनारायण पुत्र जगदंबा प्रसाद, अनीता पुत्री देवनारायण, सुनीता पुत्री देवनारायण तथा गीता पुत्री देवनारायण को हमले में प्रयुक्त लाठी के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद शुक्रवार को दन्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा, विमल कुमार यादव, हेड कांस्टेबल विनोद गुप्ता, संजय तिवारी, विवेक त्रिपाठी, शशिकांत, रोहित कुमार तथा महिला कांस्टेबल सपना चौहान एवं सपना सिंह शामिल रहीं।पुलिस का कहना है कि मामले में शेष आरोपियों की तलाश जारी है तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# सामाजिक निर्माण में महिला समाज का अतुल्य योगदान रु प्रो. मृदुला मिश्रा

### -अवध विवि के इतिहास, संस्×ति एवं पुरातत्व विभाग में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' का हुआ अयोजन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में आज 'राष्ट्रीय महिला दिवस' का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कला और मानविकी की संकायाध्यक्ष प्रो. मृदुला मिश्रा रहीं। अपने उद्बोधन में प्रो. मृदुला मिश्रा कहा कि 'नारी' शब्द अपने आप में बहुत गहरा है। इसके कई मायने हैं और समाज के निर्माण मे महिलाओ की अतुलनीय भूमिका है। 'राष्ट्रीय महिला दिवस' सरोजिनी नायडू जी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में मनाया जाता है। इस अवसर पर सरोजिनी नायडू के जीवन से प्रेरणा ली जाती है। उन्होंने कहा कि उस दौर में एक महिला का किस प्रकार सशक्तिकरण हुआ कि वह देश के सबसे बड़े और राजनैतिक तौर पर अतिमहत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश की राज्यपाल मनोनीत हुई थी। संकायाध्यक्ष ने छात्राओं की प्रतिभागिता पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर छात्रा सांभवी ने सरोजिनी नायडू के राष्ट्रवाद एवं नारीवाद की विचारधारा पर प्रकाश डाला। सांभवी ने भारतीय नारीवाद एंव पश्चिमी नारीवाद के मध्य अंतर को स्पष्ट किया। छात्र आदर्श तिवारी ने महिलाओं का विज्ञान, तकनीक, अभियंत्रण एवं गणित के क्षेत्र में प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रतिभाग को बढ़ाने के महत्व को विभिन्न डाटा के माध्यम से समझाया। प्रज्ञा ने महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिवांगी ने सरोजिनी नायडू पर कविता सुनाई जबकि सुरभी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मलिओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। रितिका ने आर्थिक विकास में महिलाओ की भूमिका पर शोधपत्र पढ़ा। रितिका ने बताया कि महिलाऐं, सामान्य गृहणी से लेकर बड़े बड़े उद्योगों को संभालने में अपनी तय भूमिका अदा कर रही है। किसलय कंवर ने भारतीय संविधान सभा में महिलाओं की उपस्थिति पर प्रकाश डाला। किसलय ने सभी पंद्रह महिला सदस्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर विभागाध्याक्ष डॉ. संजय चौधरी ने कहा कि समाज के समग्र विकास में आधी भूमिका महिलाओं की होती है। यदि आधी आबादी अपनी उपस्थिति दर्ज कर पाने में विफल हो, तो उस समाज का समग्र विकास संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की चर्चा शैक्षणिक मंचो पर बार बार किए जाने से कोई न कोई सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम संचालन डाली ने किया और धन्यवाद ज्ञापन शिवांगी ने किया।

# अधिवक्ता की दलील पर कोर्ट ने युवक को दी जमानत

अयोध्या। जनपद के कुमारगंज थाना क्षेत्र में दर्ज एक आपराधिक मामले में आरोपी युवक को जमानत मिल गई है। अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रथम, अयोध्या की अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। अधिवक्ता सूरज कौशल द्वारा प्रस्तुत की गई मजबूत कानूनी दलीलों के आधार पर न्यायाधीश योगिता कुमार ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना में अपराध संख्या 190ध्2024 में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 352 तथा 351(2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें किसी व्यक्ति पर आपराधिक धमकी, संपत्ति को क्षति पहुंचाने तथा शांति भंग करते हुए अपराध के लिए उकसाने जैसी अन्य धाराएं लगी थी। अधिवक्ता सूरज कौशल ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं, जिसमें मामले की परिस्थितियां, सबूतों की कमी, आरोपी की सामाजिक पृष्ठभूमि, सहयोग करने की इच्छा तथा जमानत पर रिहा होने से जांच में कोई बाधा न पहुंचने जैसे तर्क शामिल थे।

# महिला ने गांव के युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।महिला का आरोप है कि यह घटना 9 फरवरी को तब हुई थी, जब गांव के एक युवक ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले भी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में कुमारगंज पुलिस का कहना है कि पहले कोई शिकायत नहीं मिली थी। पुलिस के अनुसार शिकायत मिलने पर तुरंत मामला दर्ज किया जाता है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि महिला ने आज शाम को थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता का पति परदेश में रहता है और वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ अकेली घर पर रहती है। पुलिस ने बताया कि महिला का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और न्यायालय में उसके बयान दर्ज किए जाएंगे। इन बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# स्टर्लिंग हालीडे रेसोर्ट्स ने लश्न्च किया स्टर्लिंग सरयू अयोध्या

### -राम की नगरी में स्टर्लिंग का दूसरा रेसोर्ट

अयोध्या। स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने अयोध्या में अपना दूसरे रेसोर्ट स्टर्लिंग सरयू अयोध्या लॉन्च करने की घोषणा के साथ ही, देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्रों में से एक में अपनी डेस्टिनेशन ग्रोथ की रणनीति को और धार दी है। इस लॉन्च ने भारत के विरासत और तीर्थयात्रा ट्रैवल सर्किटों पर स्टर्लिंग की पकड़ को मजबूती दी है जो लगातार स्तरीय सेवा, विश्वसनीय मानकों और स्थान विशेष को ध्यान में रखकर पेश अनुभवों का परिणाम है। देश में तीर्थयात्राओं के क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है और अब कई पीढ़ियों वाले परिवार एक साथ यात्राओं पर निकलते हैं, जिनमें सीनियर ट्रैवल तथा ग्रुप ट्रैवल शामिल है दृ और ऐसे में सुविधा, विश्वसनीयता तथा सुकून के साथ यात्रा करने के साथ–साथ नजदीकी जैसे पहलुओं पर जोर दिया जाने लगा है। स्टर्लिंग सरयू अयोध्या ने इस शिफ्ट को न सिर्फ भांपा बल्कि ट्रैवलर्स के लिए विकल्प और क्षमता दोनों का मेल उपलब्ध कराते हुए ऐसे सुविधाजनक स्टे उपलब्ध कराए हैं, खासतौर से पीक मूवमेंट सीजन में, जो यात्रियों के अनुभवों के केंद्र में सुविधा, देखभाल तथा भरोसे को अहमियत देते हैं।शहर की आध्यात्मिक पहचान से प्रेरित और यहां बहने वाली पावन नदी सरयू के नाम पर स्टर्लिंग सरयू अयोध्या को आस्था–आधारित यात्राओं के लिए आरामदायक रिट्रीट के तौर पर पेश किया गया है। रेसोर्ट में काफी सोच–समझकर यात्रियों के लिए रुकने के इंतजाम हैं जिनमें गहन आराम के लिए कुकून रूम्स से लेकर लंबे स्टे के लिए आदर्श जूनियर स्वीट्स हैं जो कि तीर्थयात्राओं के उन दिनों की लय–ताल को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं जब प्रातःकाल से लेकर टेम्पल सर्किट और फिर देर तक पैदल भ्रमण के बाद यात्रियों को आरामदायक नींद की जरूरत होती है। ऑल–डे डाइनिंग रेस्टॉरेंट द सरयू कैफे में लोकप्रिय, स्वादिष्ट और पोषक वेजीटेरियन व्यंजनों को परोसा जाता है, और आसपास का शांत–सुरम्य वातावरण तथा सुविधाजनक बैंक्वेट हॉल जैसी खूबियां इस प्रॉपर्टी को आध्यात्मिक ग्रुप ट्रैवल, पारिवारिक समूहों तथा अन्य बैठकों के लिए भी उपयुक्त बनाती हैं।लॉन्च के बारे में, विक्रम लालवानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने कहा, "भारत के तीर्थयात्रा मानचित्र में अयोध्या एक महत्वपूर्ण अध्याय है जहां आस्था आधारित ट्रैवल को मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ती मांग के मुताबिक ढाला जा रहा है। स्टर्लिंग सरयू अयोध्या में दृ जो कि शहर में हमारा दूसरा रेसोर्ट है, हम ट्रैवलर्स को आराम, शांति और भरोसे के साथ–साथ गर्मजोशी भरी आवभगत भी उपलब्ध कराते हैं।

# भाजपा सरकार गरीबों व मजलूमों के लिए घातक चेतनारायण सिंह

### -मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेसियों ने की पदयात्रा

अयोध्या। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी चेतनारायण सिंह के नेतृत्व में तारून से चलकर दशरथपुर तक पदयात्रा की गई। कार्यक्रम के अतिथि फैजाबाद फ्रंटल संगठनों के प्रभारी वीरेंद्र पांडे बबलू रहे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया पदयात्रा में पड़ने वाले ग्राम सभा मितनपुर, गुंधौर, वासुदेवपुर,आदि जगहो पर सभा कर भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप को नष्ट करने की साजिश को जनमानस के सामने बिस्तार से रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने किया तथा संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने किया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए अयोध्या जनपद के प्रभारी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र पांडे बबलू ने भाजपा सरकार को देश के लिए नासूर बताया और कहा जिस प्रकार से देश में गरीबों के हक को छीना जा रहा है और तमाम नीतियां गरीबों के विरुद्ध बनाई जा रही है कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा भाजपा सरकार गरीबों एवं मजलूमों के लिए घातक है ,उन्होंने कहा यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इनकी जितनी भी योजनाएं बनती है वह गरीबों को उजाड़ने और पूंजी पतियों को संवारने वाली होती है मनरेगा योजना को बदलकर भाजपा सरकार ने अपनी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन किया है, उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी माननीय राहुल गांधी के नेतृत्व में निरंतर इसके लिए सदन से सड़क तक लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने का काम कर रही है, श्री सिंह ने जनमानस का आवाहन किया की आप लोग अपने अधिकारों के लिए सजग होकर कांग्रेस का साथ दें। कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा मनरेगा कानून को बदलकर भाजपा सरकार ने देश के गरीबों के साथ विश्वासघात किया है इस फैसले के खात्मे तक कांग्रेस पार्टी लड़ाई कोअंजाम देगी। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा देश के गरीबों के साथ यह घिनौनाकृत भाजपा सरकार के पतन का कारण बनेगी उन्होंने आम जनता से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की।

पदयात्रा का नेतृत्व राजकुमार सिंह,अशोक सिंह मनऊंपुर, विश्व प्रकाश मिश्रा, सुरेश राणा ,डॉक्टर रविकांत श्रीवास्तव ,आशुतोष सिंह , ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में ब्लॉक अध्यक्ष गण रामकिशोर वर्मा, दिलीप कुमार गौड़, राजेंद्र प्रसाद, रविंद्र कुमार, प्रशांत पांडे ,अनिल सिंह, रमाशंकर तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक अशोक सिंह, राम अवध पासी,अनिल तिवारी, रामकुमार पांडे , , पंकज श्रीवास्तव, उमाकांत गुप्ता, राम अवध पासी, अनिल सिंह, महेश वर्मा, शिवपूजन पांडे, ओम प्रकाश सिंह, डॉक्टर विनोद गुप्ता, बसंत मिश्रा, अशोक कनौजिया, महेश वर्मा, आबिद अली, मोहम्मद अब्बास, मनोज जायसवाल ,सलामत अली, रेखा प्रजापति ,गीता कनौजिया, भीम शुक्ला, सुरेंद्र सिंह सैनिक,श्रीमती सरोज, राज प्रताप, दिनेश शुक्ला, विमल सिंह, अमरीश पांडे, दीपकृष्ण वर्मा, धीरेंद्र उपाध्याय ,शैलेंद्र सिंह आदि थे।

# रेडियो किसान दिवस में कृषकों को किया गया जागरूक

अयोध्या, नाबार्ड और राज्यपुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील किसान राजबहादुर वर्मा के सहयोग से शुक्रवार को तारुन ब्लाक के ग्राम करनाईपुर में रेडियो किसान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि उद्योग के विकास में नाबार्ड और बैकों की सहभागिता सहित जैविक खेती और ड्रोन की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के आरम्भ में आकाशवाणी अयोध्या के कार्यक्रम प्रमुख संजयधर द्विवेदी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने आयोजन के उदेश्य और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आयोजन के महत्व पर सभी से बातचीत की। आकाशवाणी अयोध्या के सहायक निदेशक अभियांत्रिक अनिल कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिशाषी जयंत पटेल, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डा.रामबटुक सिंह, अयोध्या मंडल के सहायक निदेशक डा.सुभाष चन्द्र वर्मा, उपकृषि निदेशक डा.पीके कनौजिया, गन्ना विकास निरीक्षक रामप्रताप, जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव, इफको एसएफए सतीश कुमार, डीडीएम नाबार्ड कमलेश कुमार यादव, एलडीएम अयोध्या गणेश शंकर यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डा.राम गोपाल, शस्य वैज्ञानिक पंकज कुमार सिंह और कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बेडकरनगर के अध्यक्ष वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.रामजीत ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। किसानों को कृषि में जैविक खेती के प्रयोग और आवश्यकता पर जानकारी दी। ड्रोन दीदी शबीना खातून ने खेती में ड्रोन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ड्रोन के इस्तेमाल से होने वाले लाभ को विस्तार से बताया। बातचीत के जरिए किसानों की समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया गया। किसानों को उन्नत बीज का वितरण किया गया। इस दौरान आलोक गुप्ता, रामप्रकाश पाण्डेय, विशाल साहू कई प्रगतिशील किसान, कृषि अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी सहित कई ग्रामीण व अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रमुख द्विवेदी ने बताया कि रेडियो किसान दिवस के कार्यक्रम के संपादित अंश का प्रसारण 14 फरवरी को किसानवाणी कार्यक्रम में शाम 06.45 से 07.15 बजे के मध्य किया जाएगा।

# एयरपोर्ट विस्तार में पारंपरिक रास्ता बंद करने की तैयारी का आरोप

### -ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्य के बीच कुट्टिया कुशमाहा गाँव के ग्रामीणों ने अपने पारंपरिक आवागमन मार्ग को बंद किए जाने की आशंका को लेकर प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की है। ग्रामीणों का आरोप है कि एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल से सटे वर्षों पुराने रास्ते को बदलने की तैयारी की जा रही है, जिससे उनकी रोजमर्रा की आवाजाही, खेत–खलिहान और जरूरी सेवाओं तक पहुँच प्रभावित होगी। यह गाँव अयोध्या एयरपोर्ट से सटा हुआ है और नगर निगम अयोध्या के झलकारी बाई वार्ड के अंतर्गत आता है। ग्रामीणों का कहना है कि दक्षिण दिशा में स्थित यह मार्ग वर्षों से उनका मुख्य निकासी रास्ता रहा है, जिसका उपयोग स्कूल, बाजार और अस्पताल जाने के लिए किया जाता है। ग्रामीणों ने पार्षद गीता और अर्जुन यादव के नेतृत्व में एकजुट होकर सदर तहसील पहुंचकर एसडीएम सदर से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए रास्ता बदले जाने से गाँव की सैकड़ों आबादी को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।रामलाल वर्मा, जुग्गीलाल, जितेंद्र गुप्ता, दुखी कोरी, गबडू गुप्ता, ननकू, धर्मेंद्र यादव, रामचंद्र, राम सुरेश, गिरधारी यादव रविंद्र कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने प्रशासन से पुराने मार्ग को यथावत रखने की मांग की। एसडीएम सदर ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनका पारंपरिक रास्ता बंद नहीं किया जाएगा और किसी भी निर्णय से पहले जनहित का ध्यान रखा जाएगा। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त किया।

# उत्कर्ष ठाकुर बने मिस्टर इंडिया एमएस के विनर

सोहावल–अयोध्या। ग्लैमर और माडलिंग की दुनिया में भी सोहावल का नाम रोशन हो रहा है। यहां रौनाही के निवासी 18 वर्षीय उत्कर्ष ठाकुर ने अपनी माडलिंग के ग्लैमर का लोहा मनवाते हुए लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीत कर अपने नाम कर लिया। मिस्टर इंडिया एमएस के विनर चुने गए उत्कर्ष को शील्ड और मेडल दोनों हासिल हुए। इस उपलब्धि को लेकर परिवार में बधाइयों का सिलसिला चल निकला है। साकेत महाविद्यालय से डी एम एल टी कर रहे इस नवयुवक की यह प्रतियोगिता 11 फरवरी को लखनऊ के एक माल में आयोजित हुई। जिसमें आडिशन के बाद चयन किए गए 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और उत्कर्ष विजेता घोषित किए गए। इससे पहले यह अयोध्या में आयोजित 2025 आईकानिक फेस ऑफ इंडिया की प्रतियोगिता में मिस्टर गोल्डन हार्ट और धामपुर में आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में मिस्टर हाइट आफ पर्सनैलिटी का खिताब अपने नाम कर चुके हैं। सैमजिब फैशन माडल एजेंसी के को–फाउंडर को मिली इस उपलब्धि के दौरान मौजूद लोगों में मिस इंडिया बॉलीवुड रही मोनिका गुप्ता, मिस यू पी अलकसा, मॉडलिंग की दुनिया के मशहूर दीप सचार लखनऊ, सेलिब्रिटी डिजाइनर ओम कुमार मोतियानी आदि रहे।

# एसएसवी कालेज का वार्षिक समारोह आज

अयोध्या। एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिक समारोह शनिवार 14 फरवरी को संपन्न होगा। वार्षिक समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा। समारोह की अध्यक्षता अयोध्या मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह करेंगे जबकि अशर्फी भवन अयोध्या के जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चंद्र को आमंत्रित किया गया है। वार्षिक समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, लोकगीत, शास्त्रीय गायन, हिंदी और अंग्रेजी एकांकी सहित कई मनोहारी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

सोहावल–अयोध्या। ब्राह्मण चेतना मंच समाज के उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वाले छात्रों व्यक्तियों का सम्मान करता रहेगा। यह विचार सोहावल ब्लॉक के रघ्घुपुर इस्माइल नगर सिहोरा गांव में ललित कुमार मिश्रा के बेटों को सम्मानित करते हुए मंच के प्रदेश संयोजक और रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेश नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने व्यक्त किया। श्री मिश्रा के बेटे वैभव मिश्रा का जहां सी आई एस एफ में चयन हुआ है। वहीं उनके दूसरे पुत्र अभिषेक मिश्रा का भारतीय रेलवे में लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है। जिससे समाज ही नहीं पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। मंच के उपाध्यक्ष अवधेश तिवारी की अध्यक्षता में स्वागत समारोह का संचालन रालोद नेता और मंच के महामंत्री राजेश तिवारी ने किया।

# सीएमओ ने सीएचसी मसौधा का किया निरीक्षण

अयोध्या। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौधा निरीक्षण किया । निरीक्षण में वहां पर आकस्मिक सेवा की व्यवस्था, औषधीय स्टोर रूम, इम्यूनाइजेशन सेंटर , बीपीएचयू यूनिट,ओपीडी संचालन, प्रसव कक्ष,ऑपरेशन कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, लैबोरेट्री ,जनरल वार्ड एवं जेएसवाई वार्ड सहित संपूर्ण चिकित्सालय परिसर गहनता से देखा। जेएसवाई वार्ड में भर्ती प्रसूताओं से उनको दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लिया,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।संपूर्ण चिकित्सालय परिसर को देखा साथ ही निर्देशित किया कि परिसर में प्रत्येक दिन साफ सफाई की जाएगी एवं वार्डो में दिन में समय समय पर फिनायल युक्त पोछा लगाया जाएगा जिससे किसी भी प्रकार का जीवाणु इन्फेक्शन न हो।अगर इस कार्य में लापरवाही होती है तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी साथ ही वहां पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परिसर में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं होनी चाहिए।

# -कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

अयोध्या। देश की पहली डिजिटल जनगणना–2027 की प्रारम्भिक तैयारियों और कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (विध्रा) एवं जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार भट्ट, जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ के प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चन्द्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दिग्विजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# टी 20 विश्व कप आयरलैंड की बड़ी जीत, ओमान टूर्नामेंट से Knockout होने वाली पहली टीम बनी

टी20 विश्व कप 2026 में लोरकान टकर (94') और गैरेथ डेलानी (56) की शतकीय साझेदारी से आयरलैंड ने रिकॉर्ड 235 रन बनाकर ओमान को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत से आयरलैंड की टूर्नामेंट में उम्मीदें जीवित हैं, जबकि लगातार तीसरी हार के साथ ओमान प्रतियोगिता से बाहर हो गया है। आयरलैंड ने शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में ओमान को 96 रनों की शानदार जीत के साथ टी20 विश्व कप 2026 अभियान में अपना पहला अंक हासिल किया। घायल पॉल स्टर्लिंग की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कर रहे लोरकान टकर ने नाबाद 94 रन बनाकर आयरलैंड को टूर्नामेंट के अब तक के सर्वोच्च स्कोर 235/5 तक पहुंचाया, जिसके बाद गेंदबाजों ने ओमान को 139 रनों पर ऑल आउट कर दिया। ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बाएं हाथ के स्पिनर शकील अहमद (चार ओवर में 3ध33) ने पावरप्ले के भीतर ही टिम टेक्टर, रॉस एडायर और हैरी टेक्टर को आउट करके आयरलैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। आठवें ओवर में 64ध4 के स्कोर पर आयरलैंड कमजोर नजर आ रहा था। हालांकि, गैरेथ डेलानी के टकर के साथ बल्लेबाजी करने पर मैच का रुख पलट गया। दोनों ने मिलकर जोरदार जवाबी हमला किया और 101 रनों की साझेदारी की। डेलानी ने 30 गेंदों में तूफानी 56 रन बनाए, लेकिन टकर ने संयम और ताकत से पारी को संभाला। डेलानी के विकेट के बाद, जॉर्ज डॉकरेल ने शानदार फिनिशिंग टच देते हुए सिर्फ 9 गेंदों में 35 रन बनाए – जिसमें पांच छक्के शामिल थे – और आयरलैंड को रिकॉर्ड तोड़ स्कोर तक पहुंचाया। यह स्कोर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर और टी20 विश्व कप के इतिहास में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। 236 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओमान ने




आक्रामक शुरुआत की। आमिर कलीम ने शुरुआती ओवरों में आवश्यक रन रेट को नियंत्रण में रखा और 29 गेंदों में 50 रन बनाए। हम्माद मिर्जा (46) के साथ मिलकर उन्होंने ओमान के 11वें ओवर में 100 रन तक पहुंचने पर चमत्कारिक लक्ष्य की उम्मीद जगाई।बैरी मैकार्थी द्वारा कलीम को आउट करते ही ओमान की लय बिगड़ गई। आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने मध्य क्रम को ध्वस्त करते हुए चार ओवरों में 3ध16 के आंकड़े के साथ अपनी गेंदबाजी समाप्त की। स्कोरबोर्ड पर दबाव बढ़ने के साथ ही ओमान की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, जिसके परिणामस्वरूप लगातार विकेट गिरते गए और एक रन–आउट के साथ मैच लगभग समाप्त हो गया। इस जीत के साथ आयरलैंड ग्रुप बी में शीर्ष दो स्थानों की दौड़ में बना हुआ है, जबकि शुरुआती दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा था। ओमान के लिए लगातार तीसरी हार टूर्नामेंट से उसकी उम्मीदवारी को पक्का कर देती है, जिससे वह 2026 संस्करण से बाहर होने वाली पहली टीम बन जाती है।

# टीम इण्डिया से हाथ मिलाने के लिए तैयार, बोले कप्तान सलमान आगा,उस्मान तारिक को बताया ट्रम्प कार्ड

भारत–पाकिस्तान टी20 विश्व कप मैच से पहले कप्तान सलमान अली आगा ने कहा कि उनकी टीम हाथ मिलाने को तैयार है, लेकिन फैसला भारत पर है। उन्होंने विवादित एक्शन वाले गेंदबाज उस्मान तारिक को अपना ट्रम्प कार्ड बताते हुए कहा कि ICC से क्लीन चिट मिलने के बाद वह चर्चाओं से बेफिक्र हैं। भारत–पाकिस्तान मैच को लेकर चर्चाओं का दौर लगातार जारी है। इसी बीच पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का बड़ा बयान सामने आया है। सलमान अली आगा ने कहा है कि आगामी भारत–पाकिस्तान मैच क्रिकेट भावना के साथ खेला जाना चाहिए, और साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी टीम पारंपरिक हाथ मिलाने के लिए तैयार है। रविवार को होने वाले इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, पाकिस्तानी कप्तान ने कहा कि अंतिम निर्णय भारत पर निर्भर करता है। आगा ने कहा कि क्रिकेट भावना के साथ खेला जाना चाहिए। मेरी निजी राय मायने नहीं रखती, लेकिन क्रिकेट उसी तरह खेला जाना चाहिए जैसे हमेशा से खेला जाता रहा है। यह उन पर निर्भर करता है कि वे क्या करना चाहते हैं। अली आगा ने यह भी कहा कि भारतीयों के खिलाफ हमारा रिकॉर्ड अच्छा नहीं है, लेकिन हम इतिहास नहीं बदल सकते। हर दिन एक नया दिन होता है। ये टिप्पणियां हाथ मिलाने के विवाद के संदर्भ में आई हैं। अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारत ने एशिया कप 2025 में दोनों टीमों के बीच हुए मैच के दौरान हाथ मिलाने की प्रथा को नकार दिया था। टॉस के समय, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, और ग्रुप स्टेज में जीत के बाद भारतीय खिलाड़ी सीधे डगआउट में लौट गए थे। सलमान अली आगा ने कहा कि उस्मान तारिक को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा क्लीन चिट दे दी गई है और रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित भारत–पाकिस्तान टी20 विश्व कप 226 मुकाबले से पहले उनके आसपास चल रही चर्चाओं से वे




अप्रभावित हैं।28 वर्षीय उस्मान ने चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 7.90 की औसत से 11 विकेट लिए हैं, जिनमें एक चार विकेट भी शामिल हैं। हालांकि, उनके साइडआर्म एक्शन को लेकर सवाल उठ रहे हैं, जिसमें वे गेंद फेंकने से पहले थोड़ी देर रुकते हैं। इस एक्शन की वैधता पर काफी बहस छिड़ी हुई है, और कई लोगों का कहना है कि पाकिस्तानी गेंदबाज गेंद को चक कर रहा है या सिर्फ फेंक रहा है। टी20 विश्व कप 2026 में, उस्मान तारिक ने अमेरिका के खिलाफ मैच में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने 4 ओवर में 3ध27 के गेंदबाजी आंकड़े दर्ज किए। हालांकि, रविवार को भारत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा कि गेंदबाज इस विवाद से अप्रभावित हैं और उन्हें पाकिस्तान के लिए ष्ट्रम्प कार्डष् बताया। आगा ने कहा कि आप सबने उस्मान तारिक को बड़ा नाम बना दिया है। हमारे लिए सभी 15 खिलाड़ी महत्वपूर्ण हैं। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। आप निश्चित रूप से कह सकते हैं कि वह हमारे लिए तुरुप का पत्ता हैं।

# बाबर आजम का काल हैं कुलदीप यादव! मोईन अली ने खोला टीम इण्डिया का सबसे बड़ा सीक्रेट

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोईन अली ने टी20 विश्व कप में भारत–पाकिस्तान मैच से पहले कुलदीप यादव को सबसे बड़ा खतरा बताया है। अली का मानना है कि कोलंबो की धीमी पिच पर कुलदीप की स्पिन गेंदबाजी, विशेषकर बाबर आजम के खिलाफ, वरुण चक्रवर्ती से कहीं ज्यादा घातक साबित होगी। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोईन अली ने कहा है कि भारत का स्पिन आक्रमण पाकिस्तान के खिलाफ घातक साबित हो सकता है और 15 फरवरी, रविवार को कोलंबो में होने वाले इस महत्वपूर्ण मुकाबले में मेहमान टीम को इससे सावधान रहना होगा। उनका मानना है कि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई और विविधता से पाकिस्तान की बल्लेबाजी में गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती



हैं। भारत के स्टार ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी प्रेमदासा की धीमी और चिपचिपी पिच पर ऑफ स्पिन का विकल्प दे सकते हैं।कोलंबो की पिच की प्रकृति भी प्रबंधन को कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने के लिए प्रेरित कर सकती है। अली ने अनीस साजन के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि भारत के लिए, मैं निश्चित रूप से कुलदीप यादव को खिलाना चाहूंगा। वह पाकिस्तान के लिए किसी भी अन्य भारतीय गेंदबाज से बड़ा खतरा साबित होंगे। लेकिन कुलदीप को टीम में शामिल करने का मतलब होगा किसी बल्लेबाज को बाहर करना और दुर्भाग्य से रिंकू सिंह को बाहर बैठना पड़ सकता है।कुलदीप को टीम में शामिल करना एक आकर्षक विकल्प है, खासकर पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज बाबर आजम के खिलाफ उनके शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए। उन्होंने दुबई में हुए एशिया कप फाइनल में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4ध30 के आंकड़े दर्ज किए थे, जो सीमा पार के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मैच था। आर. प्रेमदासा स्टेडियम की पिच तेज गेंदबाजों को धीमा कर देती है और 2009 के चौंपियन पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक, साइम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे मजबूत स्पिन गेंदबाज मौजूद हैं। तारिक की साइड–आर्म, रुक–रुक कर गेंदबाजी करने की शैली पहले ही चर्चा का मुख्य विषय बन चुकी है और भारतीय बल्लेबाजों के साथ उनकी टक्कर इस रोमांचक मुकाबले का एक दिलचस्प पहलू साबित हो सकती है।

# कोलंबो में होने वाले भारत-पाकिस्तान टी 20 वर्ल्ड कप महामुकाबले पर बारिश का खतरा

कोलंबो में होने वाले भारत–पाकिस्तान टी 20 वर्ल्ड कप महामुकाबले पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है, जिससे मैच रद्द होने की आशंका है। मौसम की भविष्यवाणी के अनुसार, यदि खेल में खलल पड़ता है तो डकवर्थ–लुईस–स्टर्न (क्रै) नियम लागू हो सकता है, जो मैच का समीकरण और नतीजा दोनों बदल सकता है। क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़ा श्दंगलश यानी भारत बनाम पाकिस्तान मैच बस सिर पर है, लेकिन फैंस के जोश पर कोलंबो के बादलों ने थोड़ा पानी फेर दिया है। ज20 वर्ल्ड कप 2026 का यह महामुकाबला जितना मैदान पर गरमाने वाला है, उतनी ही टेंशन अब आसमान की तरफ देखकर हो रही है। कोलंबो से आ रही मौसम की खबरें कुछ



खास अच्छी नहीं हैं और फैंस के मन में बस एक ही सवाल हैकृ भाई, मैच होगा या नहीं?कोलंबो के वेदर फोरकास्ट ने धड़कनें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग की मानें तो मैच के दिन बारिश की काफी ज्यादा संभावना है। भारत–पाक मैच सिर्फ एक खेल नहीं, करोड़ों लोगों का इमोशन है। ऐसे में अगर इंद्रदेव ने अपनी बैटिंग शुरू कर दी, तो खेल का मजा किरकिरा होना तय है।यह मैच सिर्फ इज्जत की लड़ाई नहीं है, बल्कि टूर्नामेंट के पॉइंट्स टेबल के लिए भी बेहद जरूरी है। दोनों टीमें सेमीफाइनल की रेस में अपनी जगह पक्की करना चाहती हैं। लेकिन अगर बारिश ने खलल डाला, तो एंट्री होगी क्रै (डकवर्थ–लुईस–स्टर्न) मेथड की। इसी से खतरा छोटे मैच का भी है कि अगर ओवर कम हुए, तो मैच किसी भी तरफ झुक सकता है। साथ ही कम ओवरों के खेल में बड़े हिटर्स और डेथ ओवर स्पेशलिस्ट्स की भूमिका अचानक बदल जाती है। कभी–कभी बारिश उस टीम का खेल बिगाड़ देती है जो मजबूत स्थिति में होती है।भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमों में धुरंधर खिलाड़ी हैं, लेकिन गीली आउटफील्ड और बार–बार रुकता मैच किसी भी खिलाड़ी की लय बिगाड़ सकता है। कप्तानों को अपनी स्ट्रैटेजी बिल्कुल श्ऑन द स्पॉटश बदलनी होगी। टॉस की अहमियत अब पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई हैकृ क्योंकि बाद में बैटिंग करने वाली टीम को बारिश की स्थिति में टारगेट का सही अंदाजा रहता है। फिलहाल तो पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस यही दुआ कर रहे हैं कि कोलंबो का आसमान साफ रहे। मैच ऑफिशियल्स की नजरें भी पल–पल बदलते मौसम पर टिकी हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ बदलेगी टीम इण्डिया की ओपनिंग?

पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच के लिए अभिषेक शर्मा की फिटनेस पर संशय बना हुआ है, जिसका अंतिम फैसला शनिवार को कोलंबो में होने वाले ट्रेनिंग सत्र के बाद लिया जाएगा। यदि अभिषेक खेलने के लिए फिट नहीं होते हैं, तो भारत संजू सैमसन या वाशिंगटन सुंदर को ईशान किशन के साथ ओपनिंग के लिए उतार सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मैच में अभिषेक शर्मा का हिस्सा लेना उनके पेट के संक्रमण से उबरने पर निर्भर करता है लेकिन यह विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शुक्रवार को टीम के साथ यहां पहुंच गया जिससे रविवार को प्रेमदासा में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। नयी दिल्ली में एक निजी अस्पताल से छुट्टी मिलने के बावजूद अभिषेक बृहस्पतिवार को नामीबिया के खिलाफ भारत के मैच में नहीं खेल पाए थे।भारत शनिवार को शाम को यहां नेट सत्र में हिस्सा लेगा और आखिरी



फैसला लेने से पहले अभिषेक की फिटनेस पर करीब से नजर रखी जाएगी। इस बीच अभिषेक के माता–पिता भी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले कोलंबो पहुंच गए। उनके माता–पिता एशिया कप के दौरान दुबई में भी मौजूद थे। अगर अभिषेक अब भी उपलब्ध नहीं रहते हैं तो भारत या तो संजू सैमसन के साथ या फिट हो चुके वाशिंगटन सुंदर को ईशान किशन के साथ शीर्ष पर खिला सकता है।

# नेहल वढेरा का संकल्प, फाइनल की हार से सीखा बड़ा सबक

पंजाब किंग्स ने पिछले सीजन के फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए आईपीएल 2026 की तैयारी अबू धाबी में शुरू कर दी है। टीम के युवा बल्लेबाज नेहल वढेरा ने फाइनल की हार से सबक लेते हुए दबाव में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया है, जो इस सीजन टीम की रणनीति का अहम हिस्सा हो सकता है। आईपीएल 2025 के फाइनल के बाद जब पंजाब किंग्स को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार झेलनी पड़ी थी, तब युवा बल्लेबाज नेहल वढेरा ने हार की जिम्मेदारी खुद पर ले ली थी। 24 वर्षीय इस बल्लेबाज का यह बयान कई लोगों के लिए चौंकाने वाला था, क्योंकि उनके पास लीग का ज्यादा अनुभव भी नहीं था।फाइनल मुकाबले में वढेरा ने 18 गेंदों पर 15 रन बनाए थे। स्कोरकार्ड पर यह पारी साधारण दिखती है, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार वह तब बल्लेबाजी करने आए थे जब टीम 79ध3 के स्कोर पर दबाव में थी और थोड़ी ही देर में 98ध4 हो गया। टीम के प्रमुख बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में उन्होंने मैच को अंत तक ले जाने की कोशिश की, जैसा कि कई युवा खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी को देखकर सीखते आए हैं, लेकिन योजना सफल नहीं हो सकी।गौरतलब है कि उस हार के बाद वढेरा ने आत्ममंथन का रास्ता चुना। यूएई से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर वह उस अनुभव से कुछ नहीं सीखते तो वहीं के वहीं खड़े रह जाते। उनके मुताबिक उन्होंने अपनी कमियों पर काम किया है और इस बार शब्दों से ज्यादा अपने खेल से बदलाव दिखाना चाहते हैं। उनका कहना है कि दबाव की परिस्थितियों में बेहतर निष्पादन ही किसी खिलाड़ी को भारत के लिए खेलने के स्तर तक पहुंचाता है और इस सीजन




वह इसी सोच के साथ उतरेंगे।बता दें कि पंजाब किंग्स इस बार नया सीजन शुरू होने से पहले अबू धाबी में विशेष प्रशिक्षण शिविर लगा रही है। वढेरा ने बताया कि यह टीम का भारत से बाहर पहला आउटडोर कैंप है, जहां फिटनेस, डाइट, स्किल ट्रेनिंग, रिकवरी और रिहैबिलिटेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खिलाड़ियों के लिए स्टीम बाथ और आइस बाथ जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे तैयारी को व्यापक रूप दिया जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि भारत में इस समय विश्व कप के कारण व्यस्त कार्यक्रम और उत्तर भारत में ठंडे मौसम को देखते हुए अबू धाबी उपयुक्त विकल्प रहा। प्रबंधन और यूएई क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा है और अपेक्षा से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।मौजूद जानकारी के अनुसार आईपीएल 2026 का आगाज मार्च के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

# ट्रेड डील का बड़ा असर, पीयूष गोयल बोले- अब प्रतिस्पर्धी दाम पर मिलेगा Crude Oil

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, भारत–अमेरिका व्यापार समझौते से देश को प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल और कोकिंग कोल मिलेगा, जिससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है, जिसमें आयात शुल्क में कटौती एक अहम कदम है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। गोयल ने कहा, "भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा।" भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा।समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और




खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक शृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो–तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है ताकि डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) निर्यात फिलहाल करीब 200 अरब डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपये) है और उन्नत अमेरिकी उपकरणों तक पहुंच से इस क्षेत्र में और बढ़ोतरी होगी। इस तरह आईटी निर्यात लगभग 45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

# कई राज्यों के रेरा प्राधिकरण प्रकाशित नहीं कर रहे वार्षिक रिपोर्ट एफपीसीई

संगठन ने कहा, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्पष्ट वैधानिक दायित्वों और बार–बार के निर्देशों के बावजूद देशभर में 75 प्रतिशत से अधिक राज्य रेरा प्राधिकरणों ने या तो कभी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है या उनका प्रकाशन बंद कर दिया है रियल एस्टेट डेस्क देशभर के घर खरीदारों के प्रमुख संगठन फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स (थ्च्ब्म्) ने शुक्रवार को एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। संगठन का आरोप है कि अधिकांश राज्यों के रियल एस्टेट नियामक (त्म्त्।) अपने वैधानिक दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिससे श्रेराश कानून का मूल उद्देश्य ही खतरे में पड़ गया है।एफपीसीई ने एक बयान में रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 (रेरा) की धारा 78 के उल्लंघन की तरफ इशारा किया। संगठन ने कहा, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्पष्ट वैधानिक दायित्वों और बार–बार के निर्देशों के बावजूद देशभर में 75 प्रतिशत से अधिक राज्य रेरा प्राधिकरणों ने या तो कभी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है या उनका प्रकाशन बंद कर दिया है, या वे अद्यतन नहीं हैं। एफपीसीई ने मंत्रालय से सभी रेरा प्राधिकरणों को निर्धारित प्रारूप में वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए नए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।संगठन ने मंत्रालय से आग्रह



किया कि वह राज्य सरकारों को अधिनियम की धारा 82 और 83 के तहत शक्तियों का उपयोग करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहे। एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा कि जब तक पुख्ता डेटा यह साबित न कर दे कि रेरा लागू होने के बाद घरों का कब्जा मिलने और कार्यप्रणाली की निष्पक्षता में बेहतरी आई है, तब तक सफलता के सभी दावे खोखले एवं बेबुनियाद हैं।उन्होंने कहा, निर्दोष घर खरीदारों के साथ छल किया जा रहा है और इस बार इसके लिए रेरा का सहारा लिया जा रहा है। बिल्डरों के लिए यह कानून अब महज एक ऐसा प्रमाण–पत्र बन गया है, जिसकी आड़ में वे बिना किसी जवाबदेही के अपनी परियोजनाएं बेच रहे हैं। एफपीसीई ने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और गोवा ने रेरा के लागू होने के बाद से एक भी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है। वहीं, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे नौ राज्यों ने रिपोर्ट प्रकाशित करना शुरू किया था, लेकिन अब इसे बंद कर दिया है।

# रोमांटिक ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सन्नी 2 की रिलीज डेट आउट, दिखा अविनाश तिवारी और मेधा शंकर का रोमांटिक अंदाज

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर बहुत जल्द फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 में साथ आने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर इसी नाम से आई मूवी का सीक्वल है जिसमें यामी गौतम और विक्रांत मैसी नजर आए थे।अब इसका सीक्वल थिएटर में रिलीज किया जाएगा जिसमें कॉमेडी और ड्रामा का भरपूर डोज देखने को मिलेगा। अब इस मूवी का पोस्टर और रिलीज डेट भी सामने आ गए हैं। पोस्टर में अविनाश तिवारी पुश अप कर रहे हैं जबकि मेध ा शंकर उनकी पीठ पर बैठी हुई हैं। मेधा शंकर को आपने विक्रांत मैसी के आथ 12वीं फेल में देखा होगा।बेहतरीन बॉडी वाले अविनाश तिवारी का रोल फिल्म में रफ एंड टफ हो सकता है जबकि पिंक कलर की साढ़ी में मेधा काफी खूबसूरत लगीं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा– गिन्नी और सनी वापस आ गए हैं!रिश्ता फिक्स है बस इस बार थोड़ा सा ट्विस्ट है! फिल्म 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, नयनी दीक्षित, विश्वनाथ चटर्जी, रोहित चौधरी और गिन्नी वेड्स सनी जैसे कई प्रतिभाशाली सपोर्टिंग कलाकार भी नजर आएंगे। जी स्टूडियोज और साउंड्रिया प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, गिन्नी वेड्स सनी 2 का निर्माण विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने किया है। प्रशांत झा ने इसे लिखा और डायरेक्ट किया है।ओरिजनल गिन्नी वेड्स सनीमें विक्रांत मैसी द्वारा अभिनीत सनी, गिन्नी को उसकी मां की मदद से जीतने की कोशिश करता है। गिन्नी की मां बिचौलिए का काम करती है और चाहती है कि सनी कैसे भी उसका दिल जीत ले। फिल्म के



पहले पार्ट में प्रेम, गलतफहमियों और पारिवारिक अपेक्षाओं जैसे विषयों को दिखाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तिगत और प्रेम संबंधी बाधाओं को पार करने के बाद गिन्नी और सनी की शादी होती है।

# तापसी पन्नू की फिल्म अस्सी का नया गाना मन हवा रिलीज, सच और संकल्प की दिखाती है नई परिभाषा

अभिनेत्री तापसी पन्नू की आगामी फिल्म अस्सी जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक कोर्ट ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। फिल्म के निर्माताओं ने नया गाना मन हवा रिलीज कर दिया। यह गाना दिल को छूने वाला और जोश भरने वाला है, जो फिल्म की तेज–तर्रार जांच और कोर्ट ड्रामा की भावना को बखूबी से पेश करता है। फिल्म में मुश्किल सवाल उठाने की हिम्मत और सच के लिए लड़ने की ताकत को यह गाना अच्छे से बयां करता है। सॉन्ग मन हवा को मोहित चौहान, परंपरा टंडन और रोचक कोहली ने मिलकर गाया है और रोचक कोहली ने इसका संगीत तैयार किया है। यह गाना डर के बजाय हिम्मत, चुप्पी के बजाय सच और समझौते के बजाय पक्के इरादे को चुनने की बात करता है। यह धीरे–धीरे दिल को सुकून देता है और अंदर से ताकत जगाता है, ताकि मुश्किल हालात में भी खुद के लिए और अपने विश्वास के लिए लड़ सको। गाने को लेकर मोहिक चौहान ने अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा, मुझे ऐसे गाने पसंद हैं जो कोई कहानी सुनाते हैं और कुछ कहने की ताकत रखते हैं। गाना मन हव शुरू से ही मुझे ईमानदार लगा और इसे रिकॉर्ड करते समय, मैंने गाने को फील किया और कहानी को खुल के जीने दिया। थप्पड़ और मुल्क जैसी फिल्में देने के बाद एक बार फिर अनुभव सिन्हा ने कोर्ट ड्रामा फिल्म अस्सी का निर्देशन किया है।

गाने को लेकर अनुभव का कहना है कि यह गाना इस फिल्म की भावनात्मक धड़कन है। उन्होंने कहा, मन हवा सिर्फ गाना नहीं बल्कि, पूरी फिल्म की धड़कन है। एक ऐसी कहानी में जो सच्चाइयों को चुनौती देती है और मुश्किलों का सामना करती है, यह ट्रैक बोलने, उठने और सभी मुश्किलों के सामने मजबूती से खड़े होने की हिम्मत को दिखाता है। यह उस ताकत का जश्न मनाता है जो हमारे अंदर मौजूद होती है और जब हम ईमानदारी और मजबूती के




साथ दुनिया का सामना करने का फैसला करते हैं।

अनुभव सिन्हा की इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा, कानी कुसृति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब, नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक, और सीमा पाहवा समेत कई कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण टी–सीरीज कर रहा है।

# धुरंधर 2 और टश्क्सिक के बाद रामचरण की फिल्म ने भी की रिलीज से पहले ताबड़तोड़ कमाई, पेड्डी के राइट्स की हुई करोड़ों में डील

धुरंधर 2 और टॉक्सिक दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले से ही क्रेज काफी ज्यादा है. दोनों ही फिल्मों की रिलीज डेट 19 मार्च है और इन फिल्मों ने अभी से ही ताबड़तोड़ कमाई करना शुरू कर दिया है. इन्हीं फिल्मों के नक्शे कदम पर रामचरण की आगामी फिल्म पेड्डी भी चलने लगी है. रामचरण की इस फिल्म ने भी रिलीज से पहले ही अपनी कमाई शुरू कर दी है. वो कैसे? आइये आपको आगे बताते हैंसैकनिक के मुताबिक लेटेस्ट ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के ओवरसीज थिएट्रिकल राइट्स 40 से 42 करोड़ रुपये में बिक चुके हैं, ये तेलुगू फिल्म की सबसे बड़ी डील बताई जा रही है. ये डील दर्शाती है कि डिस्ट्रिब्यूटर्स का फिल्म के बॉक्स ऑफिस पोटेंशियल पर कितना भरोसा है. खासकर अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुख्य विदेशी बाजारों में, जहां राम चरण के अच्छे खासे फैंस हैं. ट्रैक टॉलीवुड के अनुसार, अकेले अमेरिका में ही फिल्म का ब्रेक–ईवन लगभग 6.5 मिलियन डॉलर होने का अंदाजा लगाया जा रहा है, जबकि विदेशों में कुल ब्रेक–ईवन 9 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है. फिल्म को लेकर क्रेज ही इतना ज्यादा है कि ये डील तो तय ही थी. रामचरण के स्टारपावर को देखते हुए ये फिल्म करोड़ों



की कमाई बॉक्स ऑफिस पर भी कर सकती है. वैसे तो ये फिल्म धुरंधर 2 और टॉक्सिक के बाद रिलीज होगी, लेकिन इनके रिकॉर्ड्स भी तोड़ सकती है.बता दें कि तेलुगू फिल्म रामचरण की इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर मुख्य किरदार में हैं. इसके अलावा शिवा राजकुमार, जगपति बाबू और दिव्येंदु भी नजर आने वाले हैं ये फिल्म 30 अप्रैल को कई भाषाओं में देशभर में रिलीज होगी. फिल्म की रिलीज का दर्शखों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है.

## श्री विष्णु की खोजी थ्रिलर फिल्म मृत्युंजय की रिलीज डेट से उठा पर्दा, 27 फरवरी को विश्व स्तर पर होगी रिलीज

मनोरंजन जगत के बादशाह श्री विष्णु, जो विविध प्रकार की पटकथाओं के चयन के लिए जाने जाते हैं, वर्तमान में हुसैन शाह किरण द्वारा निर्देशित एक जासूसी थ्रिलर फिल्म मृत्युंजय पर काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संदीप गुणम और विनय चिलाकापति ने लाइटबॉक्स मीडिया और पिक्चर परफेक्ट एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है। फिल्म का प्रस्तुतीकरण राम्या गुणम कर रही हैं। ब्लॉकबस्टर फिल्म समाजावरगमना के बाद, रीबा जॉन इस फिल्म में श्री विष्णु के साथ मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म निर्माताओं ने एक आकर्षक पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख की घोषणा की। मृथ्युंजय 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में श्री विष्णु अखबारों से भरी सड़क पर खड़े नजर आ रहे हैं। इस दिलचस्प दृश्य ने फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ा दी है। उचित प्रचार और रोमांचक कहानी के साथ, मृथ्युंजय दर्शकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री विष्णु शैली की यह



थ्रिलर फिल्म एक और मनोरंजक फिल्म साबित होने का वादा करती है। विद्या सागर ने छायांकन किया है, काला भैरव ने संगीत दिया है, श्रीकर प्रसाद संपादन के प्रभारी हैं और मनीषा ए. दत्त प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख कर रही हैं।

## अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी रिलीज को तैयार, 20 फरवरी को जी5 पर होगा प्रीमियर

अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी आखिरकार अपनी डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। सनी लियोनी और राहुल भट्ट अभिनीत इस फिल्म का प्रीमियर 3 साल पहले कान फिल्म फेस्टिवल में किया गया था। यह फिल्म लंबे वक्त से सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तरस रही थी, अब इसे ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। निर्माताओं ने कैनेडी का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी किया है। साथ में रिलीज तारीख भी बताई है। कैनेडी एक डार्क क्राइम–थ्रिलर फिल्म है जिसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी मिलने के बावजूद, अज्ञात कारणों से रिलीज का इंतजार करना पड़ रहा था।

अब निर्माता इसे सीधेतौर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उतार रहे हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को जी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इस खबर ने फैंस को उत्साहित कर दिया है। इसका निर्माण गुड बैड फिल्म्स द्वारा किया गया है जिसमें मोहित तकलकर, अभिलाष थपलियाल और मेघा बर्मन भी हैं।

# 21वें दिन भी बार्डर 2 ने दिखाया दम, खूब छापे नोट, अब तोड़ेगी इस ब्लाकबस्टर फिल्म का रिकश्र्ड

सनी देओल की बॉर्डर 2 को गुरुवार, 12 फरवरी को थिएटर में रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं. ये फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हुई थी तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सक्सेसफुली कमाई कर रही है. वहीं अनुराग सिंह के डायरेक्शन में बनी यह वॉर ड्रामा पहले ही साल 2026 की बॉलीवुड की पहली बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई है. इसने अपनी इमोशनल कहानी और ओरिजिनल फिल्म से मजबूत नॉस्टैल्जिक कनेक्शन के साथ दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचा है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं श्बॉर्डर 2य ने रिलीज के तीसरे गुरुवार यानी 21वें दिन कितनी कमाई की है?बॉर्डर फ्रैंचाइज की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, सीक्वल श्बॉर्डर 2य से न केवल सनी देओल ने दमदार अवतार में बड़े पर्दे पर कमबैक किया है, बल्कि वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी को जोड़कर कलाकारों की टीम को भी बढ़ाया है. बॉर्डर 2 का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोला और 30 करोड़ से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 224.25 करोड़ की ध ुआंधार कमाई कर डाली. इसके बाद दूसरे हफ्ते में इसने 68.72 फीसदी की गिरावट के बाद 70.15 करोड़ कमाए.

फिल्म की तीसरे हफ्ते की कमाई की बात करें तो इसने 15वें दिन 2.85 करोड़, 16वें दिन 5.25 करोड़, 17वें दिन 7.25 करोड़, 18वें दिन 2 करोड़, 19वें दिन 2.5 करोड़ और 20वें दिन 1.75 करोड़ का कलेक्शन किया.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्बॉर्डर 2य ने रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे गुरुवार को 1.75 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 21 दिनों की कुल कमाई अब 317.75 करोड़ रुपये हो गई है.श्बॉर्डर 2य ने बेशक तीसरे हफ्ते में कम कमाई की है लेकिन ये अब भी कई फिल्मों के रिकॉर्ड को तोड़ रही है. ये फिल्म 21 दिनों में 317 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अब ये ऋतिक रोशन की साल 2019 की ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म वॉर के 318.01 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ने से इंचभर दूर है. चौथे शुक्रवार को फिल्म ये उपलब्धि भी हासिल कर लेगी. श्बॉर्डर 2य का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. फिल्म में सनी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी,मोना सिंह, मेधा राण और सोनम बाजवा सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है.वहीं रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 ने बॉर्डर 2 के तूफान के आगे जबरदस्त मजबूती दिााई है. हालांकि इसने 4 करोड़ के कलेक्शन के साथ थोड़ी धीमी शुरुआत की थी लेकिन फिर इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ धुआंधार कमाई कर डाली. इस फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 1.10



सिनेमाघरों में सक्सेसफुली दो हफ्ते पूरे कर चुकी मर्दानी 3 ने पहले वीक में 26.3 करोड़ की कमाई की थी. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ मर्दानी 3 की 14 दिनों की भारत में नेट कमाई 40.90 करोड़ रुपये हो चुकी है. ।

# 50 की उम्र के बाद सभी महिलाओं को करानी चाहिए ये 5 स्वास्थ्य जांच, रहेंगी स्वस्थ

जैसे–जैसे महिलाओं की उम्र बढ़ती है, उनके शरीर में कई बदलाव आते हैं। इन बदलावों के साथ–साथ स्वास्थ्य की जांच भी जरूरी हो जाती है। 50 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए और नियमित जांच करवानी चाहिए। इससे किसी भी संभावित बीमारी का जल्दी पता चल सकता है और समय पर इलाज मिल सकता है। आइए हम आपको उन स्वास्थ्य जांचों के बारे में बताते हैं, जो महिलाओं के लिए जरूरी हैं।हड्डियों की जांचजैसे–जैसे उम्र बढ़ती है, हड्डियों की मजबूती कम होने लगती है। इससे हड्डियों के कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे उनके टूटने का खतरा रहता है और चलने–फिरने में भी परेशानी हो सकती है। इसलिए, 50 साल की उम्र के बाद महिलाओं को अपनी हड्डियों की जांच जरूर करवानी चाहिए। डॉक्टर से सलाह लेकर कैल्शियम और विटामिन–डी की खुराक भी लेनी चाहिए, ताकि हड्डियां मजबूत रहें और उनके कमजोर होने से बचाव हो सके।स्तन कैंसर की जांचस्तन कैंसर महिलाओं में एक आम बीमारी बनती जा रही है, खासकर 50 साल की उम्र के बाद इसका जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए, नियमित रूप से अपने स्तनों की जांच कराना जरूरी है।



इससे अगर कोई समस्या होगी तो उसका समय पर पता चल सकेगा और इलाज शुरू किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर आपको स्तनों में दर्द महसूस हो या किसी प्रकार का बदलाव दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श कर लें।आंखों की जांचआंखों से जुड़ी समस्याएं भी उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती हैं। 50 की उम्र तक धुंधला दिखना, नजर कमजोर होना या आंखों में जलन जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इनसे बचाव के लिए नियमित रूप से आंखों की जांच कराना जरूरी है। इससे डॉक्टर आपकी समस्याओं का सही पता लगा सकते हैं और उचित इलाज या चश्मा सुझा सकते हैं। आंखों की देखभाल के लिए संतुलित डाइट लेना और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव करना भी अहम है। दिल की जांचदिल की बीमारियां आजकल बहुत आम हो गई हैं। उच्च रक्तचाप, चर्बी का बढ़ना या दिल की धड़कनें असामान्य होना, इन सबके खतरे 50 साल की उम्र के बाद बढ़ जाते हैं। इसलिए, हर साल एक बार दिल की जांच जरूर करवानी चाहिए, ताकि किसी भी समस्या का समय पर पता चल सके और उसका इलाज किया जा सके। इसके अलावा संतुलित डाइट लेना, नियमित एक्सरसाइज करना और तनाव कम करना भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होगा। मधुमेह की जांचमधुमेह एक ऐसी बीमारी है, जो धीरे–धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाती है। इसके लक्षण तुरंत दिखाई नहीं देते, इसलिए हर साल रक्त शर्करा की जांच करवानी चाहिए। इससे समय रहते इसका पता चल सकेगा और आप जल्द इलाज शुरू कर सकेंगी। इन जरूरी जांचों के जरिए महिलाएं अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकती हैं और किसी भी तरह की बीमारी से सुरक्षित रह सकती हैं। याद रखें कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी उतना ही जरूरी है, जितनी जांचें करवाना।

# दो दीवाने सहर में के निर्देशक से लिफ्ट में मिली थीं मृणाल ठाकुर, अभिनेत्री ने बताया मुलाकात का पूरा किस्सा

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ सालों से अपनी मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाती आई हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। उनकी यह नई फिल्म दर्शकों के बीच रोमांस से भरी कहानी लेकर आने वाली है। इस बीच उन्होंने फिल्म के निर्देशक रवि उदयवार से पहली मुलाकात के अनुभव को साझा किया।मृणाल ठाकुर ने कहा, मेरी पहली मुलाकात रवि सर से उनके नए घर की लिफ्ट में हुई थी। मजेदार बात यह है कि मेरी मां ने उन्हें पहचान लिया था, जबकि मैंने उन्हें पहले देखा ही नहीं था। मेरी मां ने कहा, ओह माय गॉड, मुझे आपकी फिल्म मॉम बहुत पसंद आई थी। दो दीवाने सहर में में शामिल होने के फैसले को लेकर मृणाल ने आगे कहा, मैंने रवि सर को कहा था कि मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं और उनके साथ काम करना चाहती हूं।इस पर रवि सर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि जल्द ही बातचीत करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद, उनका मेरे पास मैसेज आया। मैं उस समय दुबई जाने वाली थी, इसलिए मेरे पास ज्यादा समय नहीं था। उन्होंने बताया, मैंने कहानी का छोटा सा हिस्सा सुना और फिर कुछ दिनों बाद सीधे रवि सर के ऑफिस पहुंच गई, जहां मुझे पूरी स्क्रिप्ट सुनाई गई।पूरी कहानी सुनते ही मैं फिल्म में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हो गई और मैंने कहा, चलो इसे करते हैं। अप्रैल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई थी। दो दीवाने सहर में एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें मृणाल के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी भी मुख्य भूमिका में हैं, और यह फिल्म जी स्टूडियोज और भंसाली



प्रोडक्शन्स के सहयोग से बनाई जा रही है। निर्माताओं में संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह और उमेश कुमार बंसल शामिल हैं। फिल्म 20 फरवरी को रिलीज होगी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।